गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 32 |
| आर्द्रता | 85% |
| सूर्योदय: 5:30 | सूर्यास्त: 17:16 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के तहत मिलने वाले अवसर अद्वितीय हैं: स्टार्मर पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** अपनी परिस्थितियों पर विचार न करनेवाला व्यक्ति मूर्ख होता है।

# बंगाल सात दिनों में पूरी करें एसआईआर की तैयारी, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : चुनाव आयोग



**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग की दिल्ली से आई विशेष टीम ने बुधवार को एक बैठक में राज्य के जिलाधिकारियों को साफ कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) समेत सभी चुनावी तैयारियां सात दिनों के भीतर पूरी कर ली जाए। किस जिले में कार्य कितना आगे बढ़ा है इसकी भी बारीकी से जांच की जाए। बता दें कि वर्ष 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोग की विशेष टीम मंगलवार की रात को कोलकाता पहुंची। टीम में उपचुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती, आयोग की आइटी शाखा की महानिदेशक सीमा खन्ना, आयोग के सचिव एसबी जोशी और उप सचिव अभिनव अग्रवाल शामिल हैं। बुधवार की सुबह ज्ञानेश ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। सूत्रों के अनुसार, बैठक में हर जिले में किस तरह की तैयारी हुई है, इस पर चर्चा की गई है।

## चुनाव आयोग की टीम आज दो जिलों का करेगी दौरा

चुनाव आयोग की टीम आज राज्य के पूर्व मेदिनीपुर और उत्तर 24 परगना जिले में बैठक करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, इस दिन, सुबह 10 बजे चुनाव आयोग की टीम 9 अक्टूबर को पूर्व मेदिनीपुर के कोलाघाट ऑडिटोरियम में एक बैठक करेगी। बैठक में ज्ञानेश भारती, सीमा खन्ना और चुनाव आयोग के अन्य ऑफिसियल्स, जिला चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज अग्रवाल और अतिरिक्त सीईओ भी इस बैठक में शामिल होंगे। पूर्व मेदिनीपुर में बैठक के बाद चुनाव आयोग की टीम उत्तर 24 परगना का दौरा करेगी। जहां टीम राजारहाट न्यू टाउन और राजारहाट गोपालपुर विधानसभा क्षेत्रों के जिला चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। उत्तर 24 परगना में चुनाव आयोग के अधिकारी एसआईआर की तैयारियों और प्रगति की समीक्षा करेंगे।

### बंगाल में जिलेवार होगी गणना फार्म की छपाई

उपचुनाव आयुक्त ने निर्देश दिया है कि एसआईआर की अधिसूचना के प्रकाशन के चार से पांच दिनों के भीतर जिलेवार गणना फार्म की छपाई का कम से कम 30 प्रतिशत कार्य पूरा हो जाना चाहिए। प्रत्येक जिले में फार्म अलग-अलग छपवाने होंगे। ज्ञानेश ने जिलाधिकारियों से यह भी जानने को कहा कि क्या उनके संबंधित जिलों में छपाई के लिए बुनियादी ढांचा है। बिहार के मुद्दे का हवाला देते हुए अधिकारियों को बार-बार बताया गया है कि पूरी प्रक्रिया जानने के बावजूद, बिहार में उन सभी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की गई है जिन पर अपने कर्तव्यों के निर्वहन में ला-परवाही बरतने का आरोप लगा था। अगर बंगाल में भी किसी अधिकारी पर ऐसे आरोप लगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भारत के साथ युद्ध की संभावना वास्तविक है : पाकिस्तान के रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि ''भारत के साथ युद्ध की संभावनाएं वास्तविक हैं'' और दावा किया कि भविष्य में किसी भी सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में उनका देश और भी बड़ी सफलता हासिल करेगा। आसिफ ने यह टिप्पणी मंगलवार को 'समा टीवी' को दिए एक साक्षात्कार में की, जब एंकर ने उनसे भारतीय राजनेताओं और शीर्ष सैन्य अधिकारियों के हालिया बयानों के बारे में पूछा। मंत्री ने कहा कि सशस्त्र टकराव का खतरा है तथा पाकिस्तान सतर्क है और स्थिति पर नजर रख रहा है। एक सवाल के जवाब में आसिफ ने कहा, ''भारत के साथ युद्ध की संभावनाएं वास्तविक हैं।'' उन्होंने दावा किया कि भारत के साथ युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान को अधिक अनुकूल परिणाम मिलने की संभावना है। आसिफ ने कहा, ''मैं तनाव नहीं बढ़ाना चाहता, लेकिन जोखिम वास्तविक हैं, और मैं इससे इनकार नहीं कर रहा। अगर युद्ध की नौबत आई, तो ईश्वर की कृपा से हम पहले से बेहतर परिणाम प्राप्त करेंगे।''

## महागठबंधन में सीट बंटवारे पर गतिरोध के बीच कांग्रेस की सीईसी ने 25 उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई

**नयी दिल्ली :** बिहार में महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जारी गतिरोध के बीच कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए 25 सीट पर अपने उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि महागठबंधन के घटक दलों के साथ सीट बंटवारे पर सहमति बन जाने के बाद ही उम्मीदवारों की घोषणा किए जाने की संभावना है। पार्टी मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी डिजिटल माध्यम से जुड़े। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा कई अन्य नेता बैठक में शामिल हुए।

## यूपी की अर्थव्यवस्था में काशी विश्वनाथ गलियारे का सवा लाख करोड़ का योगदान

**लखनऊ :** काशी विश्वनाथ धाम गलियारे ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अनुमानित सवा लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है। एक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर 2021 में काशी विश्वनाथ धाम गलियारे का लोकार्पण किया था। तब से अब तक करीब 25 करोड़ 28 लाख से अधिक श्रद्धालु, बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर चुके हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विश्व भूषण मिश्र ने बयान में कहा, '' गलियारे के निर्माण ने न केवल काशी की छवि को बदला है, बल्कि पूरे प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों में भी अप्रत्याशित वृद्धि की है। देश के विभिन्न प्रांतों से लेकर दुनिया के तमाम देशों के श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लगातार बढ़ते आगमन से स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों, नाविकों, पुजारियों, ठेले वालों और होटल कारोबारियों को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।''

# अमित शाह 'कार्यवाहक पीएम' की तरह व्यवहार कर रहे हैं, मोदी को सतर्क रहना चाहिए : ममता

- मुख्यमंत्री की पीएम मोदी को अग्रिम चेतावनी, गृह मंत्री को बताया सबसे बड़ा 'मीर जाफर'
- बंगाल में एसआईआर अभियान को ममता ने बताया 'असमय और अव्यावहारिक'



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि उनके कामकाज का तरीका 'कार्यवाहक प्रधानमंत्री' जैसा है। इस दिन, दोपहर में बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित उत्तर बंगाल के दौरे से लौटने के बाद, ममता बनर्जी ने कोलकाता हवाई अड्डे के बाहर संवाददाताओं से कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह करना चाहती हैं कि वह शाह पर बहुत अधिक भरोसा न करें, जो एक दिन उनके मीर जाफर बन सकते हैं। ममता ने कहा कि उनके (भाजपा के) एक नेता बैठक करते हैं और यहां आकर कहते हैं कि वह बंगाल की मतदाता सूची से कई लाख नाम हटा देंगे। मुझे बताइए, हम इस समय प्राकृतिक आपदाओं, भारी बारिश, त्योहारों आदि से जूझ रहे हैं। क्या मौजूदा परिस्थितियों में एसआईआर प्रक्रिया एक पखवाड़े के भीतर पूरी हो सकती है और क्या उस अवधि में नए नाम अपलोड किए जा सकते हैं? उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग को भाजपा पार्टी के इशारे पर काम करना चाहिए या उसे लोगों के लोकतांत्रिक और नागरिक अधिकारों के हित में काम करना चाहिए? तृणमूल अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि यह सब अमित शाह द्वारा खेला गया खेल है।

वह ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे वह इस देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री हों। लेकिन मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि प्रधानमंत्री को सब कुछ पता है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री से अनुरोध कर सकते हैं कि अमित शाह पर हमेशा भरोसा न करें। एक दिन वह आपके सबसे बड़े मीर जाफर साबित होंगे। आपके पास समय है, सतर्क रहें क्योंकि सुबह ही दिन दिखाती है। ममता ने भाजपा पर 'इस देश को नष्ट करने' का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि वह हमेशा सत्ता में नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन में कई सरकारें देखी हैं, लेकिन इस तरह का अहंकारी और तानाशाही शासन मुझे कभी नहीं दिखा।

# अक्टूबर में हिमालय की ढलानों पर भारी बारिश के कारण दार्जिलिंग में भूस्खलन हुआ: जीएसआई

**कोलकाता :** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने बुधवार को दावा किया कि उसने चार अक्टूबर को दार्जिलिंग में भारी बारिश से कुछ घंटे पहले वहां भूस्खलन का उच्च जोखिम वाला पूर्वानुमान जारी किया था। दार्जिलिंग में भारी बारिश के कारण विनाशकारी भूस्खलन हुआ था। जीएसआई ने कहा कि यह आपदा भारी बारिश का परिणाम थी, जिसने हिमालयी भूभाग की प्राकृतिक स्थिरता को काफी कमजोर कर दिया है। जीएसआई अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने चार अक्टूबर को अपराह्न करीब दो बजकर 15 मिनट पर दार्जिलिंग के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' (उच्च जोखिम) जारी किया था, जो क्षेत्र में लगातार बारिश से कुछ घंटे पहले जारी किया गया था। जीएसआई के उप महानिदेशक डॉ. सैबल घोष ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमने चार अक्टूबर को अपराह्न में दार्जिलिंग जिले के दार्जिलिंग पुलबाजार, जोरेबंगलो सुकियापोखरी, कुर्सेओंग, मिरिक और रंगली रंगलियोट ब्लॉक में भूस्खलन का पूर्वानुमान जारी किया था। यह अपराह्न करीब दो बजकर 15 मिनट पर जारी किया गया एक परिचालन बुलेटिन था।'' इंजीनियरिंग भूविज्ञान और भूस्खलन विज्ञान के विशेषज्ञ घोष ने कहा कि जीएसआई देश के चार जिलों दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, नीलगिरी (तमिलनाडु) और रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड) के लिए परिचालन मोड में दैनिक बुलेटिन जारी कर रहा है, जिसका अर्थ है कि जनता की भी डेटा तक पहुंच है। उन्होंने कहा कि ये अलर्ट जीएसआई के 'भूसंकेत' वेब पोर्टल और 'भूस्खलन' मोबाइल ऐप पर भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, ''हम मानसून के दौरान हर दिन यह बुलेटिन जारी करते हैं। इन चार जिलों के अलावा हम आठ राज्यों के 17 अन्य जिलों को भी बुलेटिन प्रदान करते हैं, लेकिन यह केवल संबंधित राज्य सरकारों को सत्यापन और डाटा संग्रह के लिए होता है।''

# 350 करोड़ के रत्न घोटाला मामले में कोलकाता के दो ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कोलकाता के दो ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एक बड़े वित्तीय घोटाले के मामले में की गई। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसी ने सॉल्टलेक के सीएफ ब्लॉक स्थित एक आवासीय फ्लैट में छापा मारा, जहां एक चार्टर्ड अकाउंटेंट रहता हैं। केंद्रीय बलों की मौजूदगी में सुबह से ही वहां तलाशी अभियान जारी रहा। ईडी अधिकारियों ने उस व्यक्ति के कार्यालय में भी छापेमारी की, जो कि कोलकाता के किरण शंकर राय रोड पर स्थित है। इस दौरान जांच अधिकारी कई दस्तावेजों की बारीकी से जांच करते रहे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, यह मामला ग्रह-रत्न (ज्योतिषीय पत्थरों) की बिक्री के नाम पर हुए एक बड़े वित्तीय घोटाले से जुड़ा है। बताया गया है कि हैदराबाद और अहमदाबाद में भी एक साथ छापेमारी की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कम कीमत वाले रत्नों को महंगे दामों में बेचकर भारी रकम वसूली गई थी। बाद में, यह मामला करीब 350 करोड़ रुपये के वित्तीय घोटाले तक पहुंच गया। जांच एजेंसी यह भी पता लगाने में जुटी है कि यह 350 करोड़ रुपये किन माध्यमों से विदेश भेजे गए और इसमें किन लोगों की संलिप्तता रही।

**RED-X**

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555

9874415555

# दीपिका पादुकोण के विज्ञापन में हिजाब पहनने को लेकर छिड़ी बहस



**नयी दिल्ली :** अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अबू धाबी पर्यटन के लिए एक प्रचार अभियान को लेकर सोशल मीडिया पर फिर से चर्चा में हैं, जिसमें वह शेख जायद ग्रैंड मस्जिद में हिजाब पहने हुए दिखाई दे रही हैं। अपने पति और अभिनेता रणवीर सिंह के साथ इस विज्ञापन में नज़र आ रहीं दीपिका पहले भी कई विवादों में घिर चुकी हैं। इससे पहले, संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) विरोधी प्रदर्शनों के दौरान दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में अपनी उपस्थिति और पठान के गाने बेशरम रंग में नारंगी रंग की बिकनी पहनने के लिए भी उन्हें सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। पादुकोण अब अपने पति के साथ मिलकर अबू धाबी के संस्कृति और पर्यटन विभाग के गंतव्य ब्रांड 'एक्सपीरियंस अबू धाबी' की ब्रांड एंबेसडर बन गई हैं। मेरा सुकून शीर्षक वाले इस प्रचार वीडियो में यह जोड़ा अबू धाबी की सैर करता हुआ दिखाई दे रहा है और रणवीर, दीपिका को शहर की अपनी कुछ पसंदीदा जगहों से परिचित करा रहे हैं, जिनमें कई सांस्कृतिक और स्थापत्य स्थल शामिल हैं। एक दृश्य में, यह जोड़ा ग्रैंड मस्जिद में है और दीपिका अबाया और हिजाब पहने हुए दिखाई दे रही हैं। प्रचार वीडियो के सामने आने के बाद कुछ लोगों ने पादुकोण (39) को रूढ़िवादी पोशाक को बढ़ावा देने के लिए फर्जी नारीवादी कहा, जबकि अन्य ने उनके निर्णय का बचाव किया और अरब संस्कृति के प्रति उनके सम्मान की बात कही। पादुकोण की आलोचना करने वालों ने तर्क दिया कि हिजाब पहनने का उनका निर्णय 2015 के माई चॉइस वीडियो में उनकी उपस्थिति के बिल्कुल विपरीत है, जिसमें उन्होंने महिलाओं को अपनी शर्तों पर जीने, कपड़े पहनने और प्यार करने की स्वतंत्रता की वकालत की थी।

## भाजपा ने प्रत्याशियों की सूची तैयार की, अंतिम निर्णय केंद्रीय चुनाव समिति करेगी

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने उम्मीदवारों की प्रारंभिक सूची तैयार कर ली है जिसे अब केन्द्रीय चुनाव समिति और केन्द्रीय संसदीय बोर्ड को भेजा जाएगा। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक 11 और 12 अक्टूबर को दिल्ली में होगी जिसमें प्रत्याशियों के नाम पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश मुख्यालय सभागार में करीब तीन घंटे चली इस बैठक में प्रत्याशियों के चयन के लिए विभिन्न मानदंडों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इनमें उम्मीदवारों की जीत की संभावनाएं, क्षेत्र में सक्रियता, संगठनात्मक योगदान, प्रभाव क्षेत्र और सत्ता विरोधी लहर जैसे पहलुओं को प्रमुखता दी गई। बैठक के बाद भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने संवाददाताओं से कहा, ''आज चुनाव समिति की तीसरी बैठक हुई। इसमें उन सीटों पर विशेष चर्चा की गई जहां पिछली बार हम जीत दर्ज नहीं कर सके थे।''



# घुटने और हिप रिप्लेसमेंट में रोबोटिक क्रांति!



Dr Santosh Kumar



कोलकाता स्थित बेले व्यू क्लिनिक में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक, प्रसिद्ध जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. संतोष कुमार के पास 17 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने अब तक 35 हजार से अधिक सफल सर्जरी की हैं। वह **संतोष कुमार** हिप और नी फाउंडेशन और मोमेंटम ऑर्थोकेयर के संस्थापक भी हैं, जो जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन का एक समर्पित समूह है, जो हिप और घुटने के प्रतिस्थापन में नवीनता और सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**डॉ. कुमार** का मानना है कि एक संगठन की ताकत उसकी टीम में होती है। उनकी टीम में कई विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन, चिकित्सक, सहायक, तकनीशियन और फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हैं। डॉ. कुमार का उद्देश्य व्यक्तिगत कौशल, दक्षता, व्यापक अनुभव और विश्वास को स्वास्थ्य सेवा के फ्रंटलाइन में एकीकृत करना है।

साल 2011 में, **डॉ. कुमार** ने कंप्यूटर-समर्थित जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए 'ऑर्थोपायलट' उपकरण का उपयोग किया था। पिछले वर्ष, उन्होंने इस प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए रोबोटिक आर्म का भी समावेश किया, जिससे सर्जरी में और अधिक सटीकता प्राप्त हो रही है। हिप और घुटने के प्रतिस्थापन में बायोमेकानिक्स, जैसे एक सस्पेंशन ब्रिज की यांत्रिकी, का महत्व है और यह बेहतर तरीके से नेविगेशन और रोबोटिक आर्म द्वारा हासिल किया जाता है।

**डॉ. संतोष कुमार** यह भी मानते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे आधुनिक उपकरण अब सर्जन के हाथों में हैं, जो सर्जरी को और भी सटीक और प्रभावी बनाते हैं। डॉ. कुमार का उद्देश्य घुटना और हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूने के साथ-साथ मरीजों को बेहतर जीवन जीने के अवसर प्रदान करना है। उनके नेतृत्व में, मोमेंटम ऑर्थोकेयर और संतोष कुमार हिप और नी फाउंडेशन ने सर्जरी में एक नया मानक स्थापित किया है।

डॉ. कुमार का कहना है कि सही तरीके से किया गया जॉइंट रिप्लेसमेंट 25 वर्षों से अधिक तक चल सकता है और अगर आवश्यक हो, तो इसे पुनः किया जा सकता है, जिसे 'रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट' कहा जाता है। डॉ. कुमार और उनकी टीम कोलकाता में नियमित रूप से इन रिवीजन प्रक्रियाओं का संचालन करते हैं।

**नवीनतम तकनीक**

**डॉ. संतोष कुमार** ने घुटने और हिप रिप्लेसमेंट में नए विकास के बारे में बताया। उन्होंने मोबाइल बेयरिंग रोटेटिंग प्लेटफॉर्म घुटने के रिप्लेसमेंट की बात की, जो खासतौर पर पैरों को क्रॉस करके बैठने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इसके अलावा, कम संपर्क तनाव डिजाइन से इम्प्लांट के जीवनकाल में वृद्धि होती है। काइनेमेटिक एलाइमेंट का उपयोग करके मेडियल पिवट घुटने ने घुटने के कृत्रिम जोड़ को जितना संभव हो प्राकृतिक घुटने के करीब लाने में मदद की है। **डॉ. संतोष कुमार** का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को दर्द रहित बनाना उनका प्रमुख उद्देश्य है, जिसे उच्च सटीकता वाली नर्व ब्लॉक्स और मल्टीमोडल एनाल्जेसिया तकनीकों द्वारा प्राप्त किया जाता है।

-स्टिचलेस सर्जरी का नया युग

**डॉ. कुमार** बताते हैं कि आजकल वे स्टिचलेस सर्जरी करते हैं, जिससे मरीज को सर्जरी के कुछ ही दिनों बाद स्नान करने की अनुमति मिलती है और कोई भी स्टिच हटाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे लगभग कोई निशान भी नहीं रहता।

-जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए सुलभ और किफायती हब

डॉ. संतोष कुमार का कहना है कि संतोष कुमार हिप और नी फाउंडेशन और मोमेंटम ऑर्थोकेयर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पूर्व भारत में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए एक किफायती और स्थानीय केंद्र बनाना था।

-फ्री वीडियो कंसल्टेशन और यात्रा खर्च की सुविधा

इसके अलावा, **डॉ. कुमार** अपने मरीजों और उनके साथ आने वाले रिश्तेदारों के लिए बिहार और झारखंड से इलाज के लिए आने वाले मरीजों के यात्रा खर्च को भी वापस करते हैं और उन्हें मुफ्त वीडियो कंसल्टेशन की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

**डॉ. संतोष कुमार** और उनकी टीम का उद्देश्य जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके मरीजों को बेहतर और दर्दमुक्त जीवन प्रदान करना है।

Dr Santosh Kumar activating the Robotic Arm during Robotic Knee Replacement





For additional information, feel free to communicate with Dr. Santosh Kumar at Plot number 236, Lake Town, Block B, Kolkata 700089; email: sandr@gmail.com; WhatsApp or call: 6289962271 / 9831911584; or visit: Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata.

# कांग्रेस को देश को बताना चाहिए कि 26/11 हमले के बाद जवाबी सैन्य कार्रवाई से किसने रोका था : मोदी



**नवी मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस से कहा कि उसे देश को बताना चाहिए कि पाकिस्तान से जुड़े 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत को जवाबी सैन्य कार्रवाई करने से किसने रोका था। साथ ही उन्होंने पार्टी पर सत्ता में रहते हुए आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को कमजोर करने का आरोप लगाया। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार (2004-14) ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को कमजोर किया, जिसके कारण देश को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। मोदी ने कहा, ''एक कांग्रेस नेता, जो केंद्रीय गृह मंत्री भी रह चुके हैं, ने कहा है कि एक देश ने 2008 में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत को जवाबी सैन्य कार्रवाई से रोका था। पार्टी को स्पष्टीकरण देना चाहिए।'' मोदी ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण, मुंबई मेट्रो की एक्वा लाइन और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मुंबई हमेशा से देश की वित्तीय राजधानी और एक जीवंत महानगर रहा है, जिससे इस पर आतंकवादी हमलों का खतरा रहता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''शहर की इसी विशेषता के कारण 2008 में आतंकवादियों ने इसे निशाना बनाया था। अगर कांग्रेस के एक शीर्ष नेता, जो केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं, की बात पर यकीन किया जाए, तो तत्कालीन संप्रग सरकार एक देश के दबाव में पाकिस्तान पर हमला करने से पीछे हट गई, जबकि हमारे रक्षा बल तैयार थे और देश की भावना (पड़ोसी देश पर) हमला करने की थी।''

## डिजिटल क्षेत्र में भारत की बड़ी तरक्की, एक जीबी डेटा एक कप चाय से सस्ता: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मोबाइल से लेकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश और विनिर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक ढांचा, कारोबार सुगमता और अनुकूल नीतियों से भारत एक निवेश अनुकूल गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने डिजिटल बुनियादी ढांचा क्षेत्र में हुई तरक्की का जिक्र करते हुए कहा कि देश में आज एक जीबी डेटा की लागत एक कप चाय से भी कम है। प्रधानमंत्री ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में कहा, ''डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में हमारी सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकार 'सबसे पहले डिजिटल' मानसिकता के प्रति कितनी प्रतिबद्ध है...यह भारत में निवेश, नवोन्मेष और 'मेक इन इंडिया' का सबसे अच्छा समय है।''

## एसआईआर विवाद विपक्ष का हथियार

आखिरकार, चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दो दशक में पहली बार इतनी कम अवधि तथा दो चरणों में मतदान छह व ग्यारह नवंबर को होगा और मतगणना चौदह नवंबर को होगी। विवादों के केंद्र में रही चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर विपक्ष की राजनीति राजग गठबंधन को चुनौती देगी। एक घटक, जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जो पलायन व भ्रष्टाचार के मुद्दे को पार्टी का लक्ष्य बता रहे हैं। बहरहाल, लोकसभा चुनाव सात चरण में कराने के खट्टे अनुभवों से सबक लेकर चुनाव आयोग ने विपक्षी दलों की मांग पर विधानसभा चुनाव दो चरणों में समेटने का निर्णय लिया है। लेकिन यह तय है कि जिस तरह आनन-फानन में पर्याप्त तैयारियों की कमी के बीच एसआईआर को अंजाम दिया गया, उसको लेकर तमाम तरह के सवाल उभरते ही रहेंगे। यहां तक कि मामले में बार-बार शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा। अभी आयोग को उन लोगों की शिकायत का सामना करना पड़ेगा, जो वोटर लिस्ट में अपना नाम नहीं देख पा रहे हैं। बहरहाल, एक बात तो तय है कि दो दशक से बिहार की राजनीति के केंद्र में बने हुए नीतीश कुमार को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि राजग नेतृत्व को उम्मीद है कि हाल के दिनों में कराए गए विकास कार्य तथा लोकलुभावनी योजनाओं की बरसात से वोटों की फसल सींची जा सकेगी। ये आने वाला वक्त बताएगा कि बिहार का जनमानस नीतीश को फिर से गद्दी सौंपता है या फिर उत्साहित महागठबंधन को सत्ता में आने का मौका देता है। कांग्रेस व राजद का कई मतभेदों के बावजूद एकजुट रहना सुशासन बाबू के लिये मुश्किलें जरूर पैदा कर सकता है। इन चुनावों में मोदी-शाह की प्रतिष्ठा का भी मूल्यांकन होगा। नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा भी इन चुनावों में दांव पर लगी है कि क्या वे दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले पाएंगे।

बहरहाल, इस बार सुशासन बाबू की प्रतिष्ठा भी दांव पर है, जब विपक्ष ने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था के सवाल को बड़ा मसला बना दिया है। जिस मुद्दे पर नीतीश अब तक राजद सरकार को जंगल राज बताकर घेरते रहे हैं, वही अस्त्र अब महागठबंधन की ओर से चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष एसआईआर विवादों के आलोक में मतदाताओं में असमंजस की बात कह रहा है। उसकी दलील है कि अब जब चुनाव में कुछ ही हफ्ते बाकी हैं विशेष गहन पुनरीक्षण अभी भी न्यायिक जांच के दायरे में है। दरअसल, शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से अंतिम मतदाता सूची से बाहर किए गए 3.66 लाख मतदाताओं का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। दरअसल, 24 जून को चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर अभियान शुरू करने के बाद मतदाताओं की संख्या में खासा फेरबदल होता रहा है। अभियान शुरू करते वक्त बिहार में मतदाताओं की संख्या 7.9 करोड़ थी, फिर एक अगस्त को जारी मसौदा सूची में यह संख्या घटकर 7.24 करोड़ रह गई। मृत्यु,प्रवास और दोहराव सहित विभिन्न आधारों पर 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे। अब अंतिम सूची में 7.42 करोड़ मतदाता हैं। मसौदा सूची में 21.53 लाख नाम जोड़े गए हैं और कुल 3.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों की दुविधा दूर करने के लिये चुनाव आयोग से कुछ सवालों का जवाब तुरंत देने को कहा है। निस्संदेह, न्यायालय के हस्तक्षेप के कारण, एसआईआर में कुछ हद तक पारदर्शिता देखी गई है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग को उन अवैध प्रवासियों की संख्या साझा करने की जरूरत है, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए थे। उम्मीद की जानी चाहिए कि अखिल भारतीय एसआईआर शुरू करने से पहले बिहार से सबक लेकर सामने आई कमियों को दूर करने की दिशा में चुनाव आयोग पहल करेगा। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि महिलाओं, दिव्यांगों व बुजुर्गों के लिये बड़े पैमाने पर की गयी घोषणाओं का कितना लाभ सुशासन बाबू को मिलता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 अक्टूबर, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष तृतीया, 22:55 तक, नक्षत्र : भरणी, 20:03 तक, योग : वज्र, 21:28 तक, सूर्योदय: 5:30, सूर्यास्त: 17:16, चन्द्रोदय : 18:50, चन्द्रास्त: 07:35, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 12:50 से 14:18

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढ़िया रहने वाला है। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर एहतियात बरतनी होगी। आपकी सेहत नरम-गरम रहेगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**कर्क :** आज आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा और आप बुद्धि और विवेक से कोई निर्णय लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए शांतिपूर्ण रहने वाला है। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**कन्या :** आज आप किसी जोखिम भरे काम में हाथ ना डालें, नहीं तो आपका कोई नुकसान होने की संभावना है। आप अपने अनावश्यक खर्चो को भी कंट्रोल करने की पूरी कोशिश करेंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने शौक मौज की चीजों को भी पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

**धनु :** आज आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जीवनसाथी के साथ आप कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए असमंजस भरा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को भी कुछ तनाव बना रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। परिवार में बड़े सदस्य आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं।

**मीन :** आज आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। किसी धार्मिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

# बिहार: पासवान परिवार में दरार बढ़ी, पारस ने चिराग को सभी सीटों पर चुनौती देने का प्रण किया



**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के चाचा और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी उन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारेगी जहां उनके भतीजे की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) चुनाव लड़ेगी। आरए-लजेपी प्रमुख ने यह घोषणा पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक में की। पारस ने पिछले वर्ष केंद्रीय मंत्रिपरिषद से तब इस्तीफा दिया था जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2024 के लोकसभा चुनाव में चिराग को साथ लेने का निर्णय किया था। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और पूर्व सांसद सूरजभान सिंह ने घोषणा की कि हम चिराग द्वारा उतारे गए सभी उम्मीदवारों की करारी हार सुनिश्चित करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए आरए-लजेपी उन सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी, जिन पर लोजपा (रामविलास) चुनाव लड़ेगी।''

### पिता का बिहार को विकसित राज्य बनाने का सपना साकार करूंगा: चिराग पासवान

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को अपने पिता और दलित नेता राम विलास पासवान की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वह बिहार को विकसित राज्य बनाने के उनके सपने को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आज मेरे नेता और मेरे पिता राम विलास पासवान जी की पुण्यतिथि है। हमारी पार्टी के सभी कार्यकर्ता आगामी चुनाव में 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' के विजन के साथ मैदान में उतरेंगे। हमारा लक्ष्य बिहार को एक विकसित राज्य बनाना है। मैं अपने पिता के सपनों को साकार करने के लिए कार्य करूंगा।

## मानव तस्करी विरोधी थानों को मजबूत करें, शीघ्र प्राथमिकी दर्ज करें एवं बचाव सुनिश्चित करें: डीजीपी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने बुधवार को सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मानव तस्करी के सिलसिले में सबंधित(एएचटी) थानों को मजबूत बनाने तथा लापता बच्चों के मामलों की त्वरित एवं प्रभावी जांच कर बचाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एक सरकारी बयान के अनुसार सभी जोन के अपर पुलिस महानिदेशकों, पुलिस आयुक्तों, रेंज महानिरीक्षकों, उपमहानिरीक्षकों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को जारी किये गये निर्देश डीजीपी ने उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि एएचटी थाने अपने निर्धारित उद्देश्य के लिए विशेष रूप से संचालित हों एवं उनमें जरूरी सुविधाएं हों। मानव तस्करी को एक ''वैश्विक संगठित अपराध'' बताते हुए, डीजीपी ने कहा कि यौन शोषण, जबरन श्रम, अवैध गोद लेने, भीख मांगने, अंग व्यापार या नशीली दवाओं की तस्करी के लिए तस्करी महिलाओं और बच्चों के मौलिक मानवाधिकारों का उल्लंघन है। डीजीपी ने कहा, ''हर जिले में एक मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) स्थापित की गई है, जिसे अब वाहनों, कंप्यूटरों, कैमरों, वायरलेस सेट और अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ एक पूर्ण थाने का रूप दिया गया है।''

### राजस्थान : सांड के पटरी पर आने से मालगाड़ी के 38 डिब्बे पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं

**जयपुर :** राजस्थान के सीकर जिले में मंगलवार रात एक मालगाड़ी के 38 डिब्बे पटरी से उतर गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके अनुसार एक सांड (नंदी) के अचानक पटरी पर आने के कारण यह हादसा हुआ। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मालगाड़ी फुलेरा से रेवाड़ी जा रही थी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एक अधिकारी ने कहा, 38 डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से 16 खाली थे और 22 चावल की बोरियों से भरे हुए थे। एक सांड के अचानक पटरी पर आ जाने के कारण मालगाड़ी पटरी से उतर गई। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त रेल पटरियों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है।

## नीतीश कुमार ही राजग के मुख्यमंत्री पद के चेहरा: गिरिराज सिंह



**पटना :** वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्री पद के चेहरा होंगे। उन्होंने राजग के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर किसी तरह के मतभेद की बात को खारिज करते हुए कहा कि इस पर बातचीत जारी है और जल्द ही अंतिम फार्मूला तय कर लिया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में सिंह ने कहा, आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के लिए राजग का चेहरा नीतीश कुमार ही हैं। राजग के भीतर सबकुछ ठीक है... विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की प्रक्रिया चल रही है और अंतिम फार्मूला जल्द ही तय कर लिया जाएगा... जिसकी जानकारी आप सबको समय पर मिल जाएगी। उन्होंने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि महागठबंधन एक विभाजित घराना बन चुका है। सिंह ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि तेजस्वी यादव राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुख्यमंत्री पद के चेहरा हैं,

## निर्मला सीतारमण एवं योगी आदित्यनाथ ने किया अयोध्या में दक्षिण के तीन संतों की मूर्तियों का अनावरण



**अयोध्या (उप्र) :** उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम बुधवार को अयोध्या की पावन भूमि पर देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का बृहस्पति कुंड में अनावरण किया। टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड का वातावरण उस समय भक्तिरस और संगीत की पवित्र भावना से सरोबार हो उठा जब केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कर अनावरण समारोह की शुरुआत की। इस दौरान सीतारमण के माता-पिता भी मौजूद रहे, जिससे यह पल और भी भावनात्मक हो गया। एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक अयोध्या शैली में स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बृहस्पति कुंड केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है, जहां उत्तर भारत की श्रद्धा और दक्षिण भारत की भक्ति का संगम होता है।

### जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर ट्रक में आग लगने से 40 से ज्यादा गैस सिलेंडर फटे, एक व्यक्ति जिंदा जला

**जयपुर :** जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर दूदू के पास मंगलवार रात टैंकर की टक्कर के बाद गैस सिलेंडर ले जा रहे ट्रक में आग लग गई। इस घटना में 40 से ज्यादा सिलेंडर एक के बाद एक फट गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार हादसे में टैंकर का चालक जिंदा जल गया और एक व्यक्ति घायल हो गया। जयपुर के जिलाधिकारी डॉ. जितेंद्र सोनी ने बताया कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम की एक टीम ने सुरक्षा प्रोटोकॉल और व्यवस्था का पालन करते हुए बचे हुए सभी सिलेंडर हटा दिए हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''इलाके के आसपास 42 सिलेंडरों के अवशेष या टुकड़े मिले। ये सभी फटे हुए सिलेंडर थे। 120 सिलेंडर सुरक्षित थे। हिंदुस्तान पेट्रोलियम की टीम ने सभी सुरक्षा उपायों और इलाके को सैनिटाइज करने के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इन्हें वहां से हटा दिया।''

## भदोही ने दुनिया का सबसे बड़ा हस्तनिर्मित कालीन बनाकर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में जगह बनायी



**भदोही (उप्र) :** भारत की कालीन नगरी भदोही ने दुनिया का सबसे बड़ा हस्तनिर्मित कालीन तैयार करके 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में अपना नाम दर्ज कराया है। यह कालीन अब मध्य एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद - कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना स्थित ग्रैंड मस्जिद - की शोभा बढ़ा रहा है। 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' ने अपनी वेबसाइट पर बताया, ''सबसे बड़ा हस्तनिर्मित कालीन 12,464.29 वर्ग मीटर (134,164 वर्ग फुट 72 वर्ग इंच) का है। कजाकिस्तान के अस्ताना के वास्ते इसे भारत के पटोदिया कॉन्ट्रैक्ट ने तैयार किया। इसकी (कालीन की) 19 सितंबर, 2025 को पुष्टि की गयी।'' उसने कहा, ''हाथ से बुने हुए इस कालीन को भदोही में बड़ी बारीकी से तैयार किया गया है। भदोही कालीन बुनाई की अपनी समृद्ध परंपरा के लिए प्रसिद्ध है।'' उसने कहा,''1,000 से ज़्यादा कुशल कारीगरों ने छह महीने से अधिक समय में यह कालीन तैयार किया। इस अद्भुत कालीन को बाद में अस्ताना की ग्रैंड मस्जिद में स्थापित किया गया। इसे स्थापित करने में 50 दिन लगे।'' 'मेसर्स पटोदिया कॉन्ट्रैक्ट' के मालिक रवि पटोदिया ने संवाददाताओं को बताया कि उनकी कंपनी को जनवरी 2021 में 12 करोड़ रुपये मूल्य के इस विशाल कालीन के निर्माण का ऑर्डर मिला था, जिसकी समय सीमा छह महीने थी।

## बिहार से संबंधित नीतिगत निर्णयों के लिए केंद्र सरकार पर भी आचार संहिता लागू: निर्वाचन आयोग




**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि बिहार से संबंधित घोषणाओं और नीतिगत निर्णयों के संबंध में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान केंद्र सरकार पर भी लागू होते हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा सोमवार को बिहार विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। राज्य में मतदान 6 और 11 नवंबर को होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी। यहां जारी एक बयान में आयोग ने कहा, ''बिहार के लिए घोषणाओं/नीतिगत निर्णयों के संबंध में आदर्श आचार संहिता केंद्र सरकार पर भी लागू होगी।'' आयोग ने यह भी कहा कि नागरिकों की निजता का सम्मान किया जाना चाहिए और निजी आवासों के बाहर कोई प्रदर्शन या भीड़ जमा नहीं होनी चाहिए। इसमें कहा गया है, ''भूमि, भवन या दीवारों का उपयोग मालिक की सहमति के बिना झंडे, बैनर या पोस्टर लगाने के लिए नहीं किया जाएगा।''

### झारखंड पुलिस ने दो नवजात शिशुओं को बेचने के मामले में सात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की

**रांची :** झारखंड के गुमला जिले में कथित तौर पर बेचे गए दो नवजात शिशुओं को बाद में सुरक्षित रूप से खोज लिया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस अवैध कृत्य में कथित रूप से शामिल सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पांच की पहचान हो गई है, जबकि दो अज्ञात हैं। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अधिकारियों को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

## अखिलेश यादव ने की आजम खां से भेंट,कहा : उनका परिवार सबसे ज्यादा मुकदमे झेलने वाला राजनीतिक कुनबा



**रामपुर (उप्र) :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां से मुलाकात की और दावा किया कि उनके परिवार जितना किसी दूसरे राजनीतिक परिवार को परेशान नहीं किया गया होगा। यादव ने खां से यहां उनके आवास पर मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के हाथों खां को 'अभूतपूर्व उत्पीड़न' का सामना करना पड़ा है। खां के 23 सितंबर को जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात है। सपा प्रमुख विमान से लखनऊ से बरेली पहुंचे। उसके बाद हेलीकाप्टर से रामपुर रवाना हुए। उनका हेलीकॉप्टर मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परिसर में उतरा, जहां खां ने उनकी अगवानी की। उसके बाद खां उन्हें अपने घर ले गए। मुलाकात के बाद यादव ने संवाददाताओं से कहा, मैं आजम खां साहब से मिलने आया हूं। मैं जेल में मिलने पहुंच नहीं पाया था। आजम खां साहब बहुत पुराने नेता हैं। पुराने नेताओं और पुराने लोगों की बात ही कुछ और होती है।

### अखिलेश यादव की आजम खां से मुलाकात महज वोट बैंक की सियासत:भाजपा

**लखनऊ :** रामपुर में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव की पार्टी नेता आजम खां से मुलाकात सियासी हलकों में चर्चा का विषय बनी है। उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों ने इस मुलाकात पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव की चुटकी ली है। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे पी एस राठौर और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा कि 23 महीने तक जेल में रहे आज़म की सुध लेने की बजाय, अब जमानत के बाद अखिलेश 'घड़ियालू आंसू' बहाने रामपुर पहुंचे हैं, यह सपा के मुस्लिम वोटबैंक को साधने की सियासी मजबूरी है।

## राजस्थान के नाथद्वारा में भगवान हनुमान की 111 फुट ऊंची मूर्ति स्थापित

**जयपुर :** राजस्थान के नाथद्वारा कस्बे में भगवान हनुमान की 111 फुट ऊंची भव्य मूर्ति लोगों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार है। इस कस्बे में श्रीनाथजी मंदिर और भगवान शिव की विशाल कांस्य प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ बिलिफ' पहले से ही श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। हनुमान की इस मूर्ति को मुंबई के व्यवसायी गिरीश शाह ने प्रायोजित किया है। मूर्तिकार नरेश कुमार कुमावत ने इसे डिजाइन और तैयार किया है। कुमावत ने बताया कि इस मूर्ति में भगवान हनुमान को प्रार्थना की मुद्रा में दिखाया गया है और वह भगवान श्रीनाथजी मंदिर की ओर देख रहे हैं। गिरिराज पर्वत पर स्थित इस मूर्ति को पूरा होने में तीन साल लगे और इसे बनाने में कई चुनौतियां पेश आईं। मूर्ति स्थल तक निर्माण सामग्री पहुंचाने के लिए विशेष ट्रैक प्रणाली विकसित की गई और गिरिराज पर्वत पर प्रतिमा के पुर्जों को जोड़ने के लिए उन्नत क्रेन तकनीक का इस्तेमाल किया गया। गिरिराज पर्वत 500 फुट ऊंची पहाड़ी है जहां मोटर वाहन नहीं जाता। इस परियोजना को पूरा करने के लिए 'थ्री डी स्कैनिंग', 'रोबोटिक' नक्काशी और भूकंपीय इंजीनियरिंग जैसे आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। कुमावत ने कहा,''हनुमान जी की यह मूर्ति केवल एक कलाकृति नहीं है, बल्कि आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। अनेक चुनौतियों के बावजूद, यह परियोजना पूरी हो गई। इसका जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा।''

## वर्ग पहेली नं. 3228



*बायें से दायें:-* 2) धोखेबाज़; कपटी, 4) जनसंख्या, 6) मर्यादित, 7) धनाढ्य, 9) एक संख्या, 11) चमक, 13) उस पर, 15) इस के आगे नहीं, 16) मधुर, 18) प्रसिद्ध, 20) आतुर, 22) संकट, 23) एक भाषा, 24) अपराधी, 26) मोमबत्ती, 27) सामूहिक बुलंद घोषणा, 28) नहीं, 29) दयालु, 31) हिम्मत, 32) पति की बहन, 33) एक जानवर.

*ऊपर से नीचे:-* 1) मृत्युपत्र, 2) जीत, 3) रोगी, 4) दुनिया; दृश्य; दशा, 5) अनिष्टकारक दृष्टि, 8) नशीलापन, 10) प्रकट; विदित, 12) दुर्भिक्ष, 14) रासायनिक विस्फोटक गोला, 15) घुड़साल, 17) व्यवस्थित; सही, 19) स्त्री, 21) गोलाबारी, 22) भांड़ा, 24) बुरा; बिगड़ा; बरबाद, 25) नाटा, 26) संदिह, 27) रिश्ता, 30) बड़ा; महान्.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3185

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | 9 | | | | | 3 | |
| | 2 | | | 8 | | 4 | | |
| | 5 | | | 3 | | | | |
| | | | 6 | | | | | 2 |
| 1 | | | 7 | | | 9 | | 4 |
| 9 | 3 | | 4 | | | 2 | 1 | |
| | 6 | | | | 5 | | 4 | |
| 2 | | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3184 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 6 | 1 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 9 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 5 |

## मुख्यमंत्री ममता भूस्खलन प्रभावित दार्जिलिंग का अगले सप्ताह दोबारा करेंगी दौरा

# 1,000 फंसे हुए पर्यटकों को 45 बसों में सुरक्षित वापस लाया गया : ममता

❑ **15 दिनों के भीतर अस्थायी पुल का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि वह अगले सप्ताह फिर से भूस्खलन प्रभावित दार्जिलिंग का दौरा कर वहां जारी राहत एवं पुनर्वास कार्यों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करेंगी। इस दिन, दोपहर में ममता बनर्जी उत्तर बंगाल के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने, आपदा से विस्थापित परिवारों से मिलने और आपातकालीन सहायता उपाय शुरू करने के बाद कोलकाता लौटीं। कोलकाता हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने 21 परिवारों से मुलाकात की है। हादसे में मारे गए नेपाल और भूटान के दो लोगों के शवों को उनके देश भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं। हमने तस्वीरें भेज दी हैं। उन्होंने कहा कि मिरिक में प्रभावित परिवारों के लिए कंबल, चावल, दाल, सूखा भोजन और दूध सहित 500 राहत किट भेजे गए हैं। ममता ने कहा कि जो लोग वहां रुकना चाहते हैं, उनका ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1,000 फंसे हुए पर्यटकों को 45 बसों में सुरक्षित वापस लाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि रोहिणी क्षेत्र में दो नई सड़कें बनाई जा रही हैं, नागराकाटा में पुल की मरम्मत चल रही है, तथा मिरिक में कंक्रीट पुल का निर्माण पूरा होने तक एक अस्थायी पुल का निर्माण किया जा रहा है। ममता ने कहा कि मैंने अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर अस्थायी पुल का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि दस वरिष्ठ अधिकारियों को क्षेत्र में तैनात किया गया है, तथा प्रदीप मजूमदार और गौतम देब जैसे प्रमुख मंत्री भी जमीनी स्तर पर अभियान की निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले हफ्ते मैं राहत कार्यों का निरीक्षण करने के लिए फिर से जाऊंगी। वहां राहत कार्य चल रहा है। हमें अगले 15 दिनों में उन नौकरियों का भी इंतजाम करना होगा जिनका वादा हमने (मृतकों के परिजनों को) किया था।



❑ **मुख्यमंत्री ने विमान के किराये पर उठाए सवाल**

इस दौरान, ममता बनर्जी ने विमान टिकटों की कीमत पर नाराजगी जताते हुए सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब कोई आपदा आई है, तो बागडोगरा से कोलकाता लौटने की कोशिश कर रहे लोगों से 18,000 रुपये क्यों वसूले जा रहे हैं? जिन लोगों को सीधी उड़ान नहीं मिल रही है और जिन्हें नई दिल्ली होकर जाना पड़ रहा है, उनसे 42,000 से 45,000 रुपये क्यों वसूले जा रहे हैं? क्या यह भेदभाव नहीं है? मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर छठ पूजा के दौरान पड़ोसी राज्य के लिए विमान किराए में वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सवाल किया कि बिहार में विधानसभा चुनाव के कारण छठ पूजा के दौरान हवाई किराए में वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया गया। मुझे इस बात की खुशी है। लेकिन बंगाल के साथ यह सौतेला व्यवहार क्यों?

## राज्यपाल बोस ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्यपाल डॉ. सी वी आनंद बोस ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बैठक की तस्वीर साझा की। उसने कहा कि राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब कुछ दिन पहले ही भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और पार्टी के सिलीगुड़ी विधायक शंकर घोष पर पश्चिम बंगाल में भीड़ द्वारा हमला किया गया था।

## जोधपुर पार्क के बाजार में लगी आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के जोधपुर पार्क बाजार में बुधवार को कुछ दुकानों में आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आग में किसी के हताहत होने या फंसने की खबर नहीं है। एक अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि इस दिन, दोपहर करीब 3.35 बजे आग लगी थी जिसे बुझाने के लिए चार दमकल वाहनों को लगाया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है।

## नवद्वीप में बस और टोटो की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के नवद्वीप घाट पर बस और टोटो की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह करीब 11:45 बजे नवद्वीप थाना अंतर्गत नवद्वीप घाट कृष्णानगर स्टेट हाईवे पर स्वरूपगंज शाखा के पंजाब नेशनल बैंक के सामने यह भीषण सड़क हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि बस नवद्वीप घाट से कृष्णानगर की ओर जा रही थी और टोटो नवद्वीप घाट की ओर जा रहा था। हादसे में टोटो चालक समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को महेशगंज अस्पताल पहुंचाया। बाद में, टोटो चालक समेत टोटो में सवार दो यात्रियों की हालत बिगड़ने पर उन्हें शक्तिनगर जिला अस्पताल ले जाया गया। बाकी घायलों को महेशगंज अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हालांकि, बताया गया है कि बस में सवार किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। दुर्घटना के बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बस चालक वहां नहीं मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को जंगलराज में बदल दिया है : किरेन रिजिजू

❑ **केंद्रीय मंत्री ने घायल पार्टी से अस्पताल में की मुलाकात**

**सिलीगुड़ी :** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू बुधवार को पार्टी सांसद खगेन मुर्मू से मिलने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने सांसद मुर्मू का हालचाल जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान, सांसद राजू बिष्ट भी केंद्रीय मंत्री रिजिजू के साथ रहे। भाजपा सांसद राजू बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के साथ सांसद खगेन मुर्मू से अस्पताल में मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। सांसद मुर्मू का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने हमें बताया है कि उनके सिर में फ्रैक्चर हुआ है, लेकिन वह खतरे से बाहर हैं। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद सांसद खगेन का स्वास्थ्य अच्छा है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कैमरे में लाइव कैद होने के बावजूद, हमले को अंजाम देने वाले टीएमसी नेताओं को पश्चिम बंगाल पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि 'सिलीगुड़ी के अस्पताल में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू से मुलाकात की। एक सम्मानित आदिवासी नेता और दो बार सांसद रहे मुर्मू पर हुआ क्रूर हमला पूरी तरह अस्वीकार्य है। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल, जो कभी शांतिपूर्ण राज्य था, को जंगल राज में बदल दिया है। ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं।



## गोबरडांगा में रेल लाइन के बीच मिला युवक का रक्तरंजित शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के गोबरडांगा-मछलंदपुर स्टेशन के बीच एक रेल पुल के पास दो रेल लाइनों के बीच से एक युवक का रक्तरंजित बरामद हुआ है। अब तक मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है। गोबरडांगा थाने की पुलिस और बनगांव जीआरपी मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार की सुबह कुछ लोग ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे ट्रैक से गुजर रहे थे। तभी, उन्होंने देखा कि रेलवे लाइन के पास झोपड़ी इलाके के कुछ लोग जमा हैं। पूछताछ करने पर पता चला कि एक युवक का शव वहां पड़ा है। शव रेल लाइन के बीच पड़ा था। शव के गले में बेल्ट बंधी थी और शरीर पर गहरे चोट के निशान थे। शुरुआत में, मामला आत्महत्या का लगा, लेकिन गले में बेल्ट बंधे होने और शरीर पर गंभीर चोटों के कारण पुलिस को हत्या का संदेह हुआ। पुलिस का अनुमान है कि युवक की कहीं और हत्या कर शव को रेल लाइन के पास फेंक दिया गया है। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। युवक का चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस का मानना है कि चेहरे को किसी भारी वस्तु से कुचल दिया गया ताकि पहचान छिपाई जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक इस इलाके का निवासी नहीं लगता। फिलहाल, पुलिस हत्या का मामला मानकर जांच में जुटी है और मृतक की पहचान का पता लगाने की कोशिश कर रही है।


### Name Change

I, Sonal Bhaiya daughter of Ashok Bhaiya, residing at Bhaiya Nivas, 43/5/1, Rajballav Saha Lane, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that Sonal Bhaiya and Sonali Bhaiya (myself) is the same and one identical person similarly Ashok Kr. Bhaiya and Ashok Bhaiya (my father) is the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld 1st Class Executive Magistrate Howrah dated 19th September 2025.

### Name Change

I, Seema Bhaiya wife of Ashok Bhaiya, residing at Bhaiya Nivas, 43/5/1, Rajballav Saha Lane, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that Seema Bhaiya and Sema Bhaiya (myself) is the same and one identical person similarly Ashok Kr. Bhaiya and Ashok Bhaiya (my husband) is the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld 1st Class Executive Magistrate Howrah dated 19th September 2025.

### पूर्व रेलवे

**निविदा का निरसन**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ईएमयू/हावड़ा, पूर्व रेलवे, पहली मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा द्वारा पूर्व प्रकाशित **निविदा सं. ईएलएस-एचडब्ल्यूएच-10-545-ईएमयू (ओपन टेंडर), दिनांक 07.10.2025,** जिसे दिनांक 15.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे बंद किया जाना निर्धारित है, एतद्द्वारा तकनीकी कारणवश निरस्त कर दी गई है। (HWH-335/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### अलीपुरद्वार मंडल में टीआरडी कार्य

**निविदा सूचना संख्या:** AP-EL-TRD-16-25-26; **दिनांक:** 03-10-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या:** AP-EL-TRD-16-25-26; **कार्य का नाम:** अलीपुरद्वार मंडल के अलीपुरद्वार जं.-न्यू माल जं.-टीटीआर (एफएस+सीएस+सीएमएससी)- 44 सेट (1:12) और टीटीआर (टीएसआर)-12 सेट (1:12) के संबंध में विभिन्न प्रकार के बांड का प्रावधान। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹7,68,284.28/-; **अग्रिम राशि:** ₹15,400/-; निविदा के **बंद** करने की **तिथि और समय 03-11-2025** को **15:00** बजे और खोलने की **15:30** बजे। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।


**डीआरएम/इलेक्ट.(टीआरडी), अलीपुरद्वार जं.**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## ममता 'तालिबानी मानसिकता और संस्कृति' के साथ बंगाल में शासन कर रहीं हैं : शहजाद पूनावाला

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा ने राज्य में अपने नेताओं पर हिंसक हमलों की हालिया घटनाओं को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और आरोप लगाया कि उनकी सरकार राज्य में 'तालिबानी मानसिकता और संस्कृति' के साथ शासन कर रही है। इस दिन, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने नयी दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री पर भाजपा नेताओं पर हमले की घटनाओं को छिपाने और इसमें शामिल लोगों को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। पूनावाला ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की निगरानी और निर्देश पर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा को 'संस्थागत, सामान्य और वैध' बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस नहीं, बल्कि तालिबानी मानसिकता और संस्कृति वाली सरकार सत्ता में है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य में न तो मां, न माटी और न ही मानुष और न ही निर्वाचित सांसद या विधायक सुरक्षित हैं। तृणमूल शासन में पश्चिम बंगाल में केवल माफिया, 'बमबाज' और 'जिहादी' तत्व ही सुरक्षित हैं, जो 'वोट बैंक की दुकान' चला रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार इनकार और ध्यान भटकाने की मुद्रा में है। ममता बनर्जी अपने तृणमूल कार्यकर्ताओं को क्लीन चिट दे रही हैं, ममता बनर्जी जश्न मनाने और मामले को छुपाने की मुद्रा में हैं। उन्होंने कहा कि मामले में दर्ज प्राथमिकी में भाजपा नेताओं पर हमले में शामिल स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं के नाम हैं, फिर भी अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पूनावाला ने सवाल किया कि तृणमूल के इशारे पर भाजपा नेताओं पर किए गए जानलेवा हमलों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी? उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और अन्य भाजपा नेता बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में सहायता कर रहे हैं, जबकि पार्टी सांसद और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब भी सहयोग कर रहे हैं। पूनावाला ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम काम कर रही हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक भी राहत कार्यों में शामिल हैं।'' उन्होंने मुख्यमंत्री की हालिया तस्वीरों को दिखाते हुए कहा कि इसके उलट ममता बनर्जी जश्न मनाने के मूड में दिख रही हैं और उन्हें लोगों की कोई चिंता नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि खगेन मुर्मू पर जानलेवा हमला किया गया और वह फिलहाल आईसीयू में हैं और बोलने में असमर्थ हैं। ममता बनर्जी ने पूरी तरह से असंवेदनशीलता दिखाते हुए मौके पर फोटो खिंचवाने के लिए एक मिनट से भी कम समय बिताया और अस्पताल से बाहर आते हुए दावा किया कि उनके कान में केवल मामूली चोट आई है।




Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No.- WBMAD/ULB/SRMP/NIT-26/2025-26, Date: 08/10/2025.** Name of Work- Construction of Mezzanine Floor Above Tax and General Department. Bid Submission Start Date (online): **08/10/2025 at 14.00 PM.** Bid Submission Closing Date (online): **22/10/2025 at 14.00 PM.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online): **24/10/2025 at 14.00 PM.** For details of the project go through http://wbtenders.gov.in and www.seramporemunicipality.net/tenders

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-NIQ**

e-Quotation is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No.- WBMAD/ULB/SRMP/NIQ-05/2025-26 (2nd Call), Date:08/10/2025.** Name of work- Engaging of Labour for the purpose of Door to Door waste collection under Solid Waste Management Activities (Ward No. 1-29) one year Contract. Bid Submission Start Date (online): **08/10/2025 at 02.00 PM.** Bid Submission Closing Date (online): **31/10/2025 at 02.00 PM.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online): **03/11/2025 at 11.00 AM.** For details of the project go through http://wbtenders.gov.in and www.seramporemunicipality.net/tenders

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality


## तृणमूल प्रतिनिधिमंडल के त्रिपुरा आने से भाजपा डरी हुई है : कुणाल घोष




❑ **अगरतला में पार्टी कार्यालय पर हमले के बाद छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा त्रिपुरा**

❑ **एयरपोर्ट पर रोके जाने पर प्रतिनिधिमंडल ने दिया धरना एवं किया प्रदर्शन**

**अगरतला/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने बुधवार को आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के छह-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के कोलकाता से आने को लेकर त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा 'डरी हुई' है। उनका यह बयान त्रिपुरा में तृणमूल के कार्यालय पर हुए हमले की पृष्ठभूमि में आया है। तृणमूल ने दावा किया कि पार्टी मुख्यालय जा रहे प्रतिनिधिमंडल को यहां महाराजा बीर बिक्रम (एमबीबी) हवाई अड्डे पर तीन घंटे से ज्यादा समय तक रुकना पड़ा, क्योंकि उनके इस्तेमाल के लिए खड़ी चार गाड़ियों को कथित तौर पर भाजपा समर्थकों ने खदेड़ दिया। घोष ने कहा कि देरी के विरोध में तृणमूल नेताओं ने हवाई अड्डे के अंदर प्रदर्शन किया और राज्य सरकार की भूमिका पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हम सुबह करीब 11 बजे (विमानतल पर) उतरे और अपने पार्टी मुख्यालय जाने के लिए शहर की ओर बढ़ने वाले थे, जहां सोमवार को भाजपा समर्थित गुंडों ने तोड़फोड़ की थी। दुर्भाग्य से, हवाई अड्डे पर खड़ी गाड़ियों को हटवा दिया गया, जिससे हमें घंटों यहां रुकना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि जब प्रतिनिधिमंडल ने ऑटो-रिक्शा या पैदल पार्टी कार्यालय जाने की पेशकश की, तो पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने हमें आश्वासन दिया कि वे सुरक्षा के साथ वाहनों की व्यवस्था करेंगे, ताकि हम अपने पार्टी मुख्यालय जा सकें। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसा लगता है कि भाजपा छह-सदस्यीय पार्टी प्रतिनिधिमंडल के आने से डरी हुई है। घोष ने पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब के हाल ही में एक विवाह समारोह के लिए कोलकाता यात्रा का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा नेता एवं मंत्री पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र रूप से घूम सकते हैं। पार्टी प्रवक्ता सुदीप राहा ने आरोप लगाया कि त्रिपुरा में 'जंगल राज' जारी है, यही वजह है कि विपक्षी नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने-फिरने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम तीन घंटे से ज्यादा समय तक हवाई अड्डे पर इंतजार करते रहे, लेकिन आगे नहीं बढ़ सके। पार्टी प्रतिनिधिमंडल को परिवहन सुविधा न देना यह दर्शाता है कि 'डबल इंजन' वाली सरकार भाजपा के गुंडों के आगे झुक गई है। त्रिपुरा में जंगल राज कायम हो गया है। तीन घंटे से ज्यादा समय के बाद, तृणमूल नेताओं को आखिरकार उनके मुख्यालय ले जाया गया। बता दें कि उत्तर बंगाल में एक भाजपा सांसद पर हुए हमले के विरुद्ध यहां तृणमूल प्रदेश मुख्यालय पर तोड़फोड़ की गई थी। तृणमूल सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के पार्टी मुख्यालय में एक बैठक के बाद हमले की शिकायत दर्ज कराने के लिए राज्यपाल एन. इंद्रसेन रेड्डी और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग धनखड़ से मिलने की उम्मीद है।

### मैं खुद त्रिपुरा जाऊंगी, देखूंगी हिम्मत', प्रतिनिधिमंडल को रोकने पर बिफरीं ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने त्रिपुरा में तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधियों को एयरपोर्ट पर रोके जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया और चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर हमारे प्रतिनिधियों के साथ ऐसा ही होता रहा तो मैं खुद त्रिपुरा जाऊंगी और देखूंगी उनमें कितनी हिम्मत है। इस दिन, दोपहर में कोलकाता एयरपोर्ट पर ममता बनर्जी त्रिपुरा में प्रतिनिधिमंडल को रोके जाने पर कहा कि हमने सिर्फ पांच लोगों की टीम भेजी थी। उन्हें हवाई अड्डे पर ही रोक दिया गया। हमारे कार्यकर्ता उन्हें लेने बाइक से आए थे, लेकिन फिर भी उन्हें आगे नहीं जाने दिया गया। जब मैंने तृणमूल नेताओं से पैदल जाने को कहा, उन्हें तब भी रोका गया। अगर ऐसा होता रहा तो मैं खुद त्रिपुरा जाऊंगी।

## भाजपा नेताओं पर हमला मामले में दो लोग गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** आपदा प्रभावित दार्जिलिंग दौरे के दौरान भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर हुए हमले में आखिरकार पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के करीब 51 घंटे बाद नागराकाटा थाना पुलिस ने बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, इस घटना में आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। जलपाईगुड़ी के पुलिस अधीक्षक उमेश खंड ने कहा कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है। जांच जारी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि घटना में कोई और भी शामिल है या नहीं। हालांकि, पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार लोगों के नाम जारी नहीं किए हैं।

## पूजा घूमाने के नाम पर बारुईपुर में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, प्रेमी समेत दो गिरफ्तार

❑ **तीसरे संदिग्ध की तलाश में जुटी पुलिस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में 9वीं कक्षा की एक छात्रा से उसके प्रेमी और उसके दो अन्य दोस्तों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, यह वीभत्स घटना 30 सितंबर, महाअष्टमी की रात को तब घटी, जब पीड़िता और उसके प्रेमी पूजा पंडाल घूमने गए थे। पुलिस के अनुसार, लड़की बारुईपुर के शासन बालक संघ में मूर्ति दर्शन के बाद बारुईपुर कमालगाजी के बाईपास पर आई थी। नौवीं कक्षा की उक्त छात्रा का डेढ़ महीने पहले सोशल मीडिया पर एक नाबालिग लड़के से बातचीत हुई थी। उन्होंने फोन नंबरों का आदान-प्रदान किया और फिर फोन पर प्रेम बढ़ गया। पुलिस ने उक्त मामले में पीड़िता के कथित प्रेमी के दोस्त अरमान अकुंजा को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता नौवीं कक्षा का छात्र अभी भी बारुईपुर उपजिला अस्पताल में इलाज करा रही है। बारुईपुर पुलिस ने तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया कि पीड़िता को कथित तौर पर कोल्ड ड्रिंक के साथ उत्तेजना बढ़ाने वाली गोलियां दी गईं। पीड़िता के परिवार के अनुसार, फिर, बेगमपुर कटाखाल बाईपास से उत्तर की ओर जाने वाली सड़क से, उसका प्रेमी सड़क के अंदर एक सुनसान गली में घुस गया और पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने उस समय का वीडियो बनाकर नाबालिग पीड़िता को ब्लैकमेल किया और कथित तौर पर उसके प्रेमी के दो दोस्तों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।


### पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्किंग लॉट के संचालन के लिए संविदा की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, पिन-711101 द्वारा **हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में पार्किंग लॉट के 03 वर्षों की अवधि के लिए संचालन** के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी लीजिंग प्रारूप देखें। **सूचीपत्र सं.: पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-ओसीटी-7, नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 21.10.2025 को 14.00 बजे। **क्रमांक एवं लॉट सं.; स्टेशन का नाम : (1)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एसआईयू-टीडब्ल्यू-163-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); सिंगुर। (2) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-टीडब्ल्यू-288-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); जनाई रोड। (3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीएचआर-टीडब्ल्यू-70-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); भद्रेश्वर। (4) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एजीएई-टीडब्ल्यू-86-23-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); अग्रद्वीप। (5) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएलई-टीडब्ल्यू-36-25-2 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); बाजारसौ। (6) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एडीएसटी-टीडब्ल्यू-266-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); आदिसप्तग्राम। (7) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एसआईयू-टीडब्ल्यू-157-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); सिंगुर। (HWH-331/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## आईआईएसईआर कोलकाता ने कैंसर से लड़ने के लिए अनुकूल बैक्टीरिया विकसित किया

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) कोलकाता की एक टीम ने एक ऐसा 'अनुकूल बैक्टीरिया' विकसित किया है जो रोगी के शरीर के भीतर कैंसर से सुरक्षित और प्रभावी ढंग से लड़ सकता है। संस्थान ने एक बयान में यह जानकारी दी। संस्थान ने बताया कि वह एक ऐसी प्रणाली विकसित कर रहा है जो उपचार की प्रगति पर नजर रख सकेगी। आईआईएसईआर, कोलकाता ने कहा कि ये सभी नवोन्मेष कैंसर के उपचार की दिशा में नयी उपलब्धि हैं। बयान में कहा गया है कि कैंसर अक्सर 'टी रेगुलेटरी सेल्स' (ट्रेग्स) नामक विशेष प्रतिरक्षा कोशिकाओं के पीछे छिप जाता है जिससे शरीर की प्राकृतिक रक्षा प्रणाली पर असर पड़ता हैं। इसके कारण 'इम्यूनोथेरेपी' या 'कीमोथेरेपी' जैसी मानक चिकित्सा पद्धतियां कम प्रभावी हो जाती हैं। बयान में बताया गया है कि एक बड़ा और नया दृष्टिकोण अपनाते हुए आईआईएसईआर, कोलकाता की टीम ट्यूमर का पता लगाने और उसकी गतिविधि को बाधित करने के लिए 'प्रोबायोटिक्स' तैयार कर रही है जिससे कैंसर के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रणाली पुनः सक्रिय हो सकती है। सरल शब्दों में, वे अनुकूल सूक्ष्मजीवों को जीवित, लक्षित दवाओं में परिवर्तित कर रहे हैं जो एक दिन रोगी के शरीर के अंदर से काम कर सकेंगी और कैंसर के उपचार को अधिक सुरक्षित एवं प्रभावी बना सकेंगी।


www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ PROPERTY ▪ RECRUITMENT
▪ EDUCATION ▪ NAME CHANGE ▪ PUBLIC NOTICE
▪ OBITUARY ▪ REMEMBRANCE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# मालदह में दिनदहाड़े तीन साल की बच्ची का अपहरण, आरोपी गिरफ्तार

❑ **पुलिस की तत्परता से 25 मिनट में बच्ची सुरक्षित बरामद**



**मालदह :** पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मालदह जिले के हरिश्चंद्रपुर थाना इलाके में सिर्फ 25 मिनट के भीतर अपहृत तीन वर्षीय बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। सूत्रों के अनुसार, बुधवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे तीन साल की एक बच्ची हरिश्चंद्रपुर थाना इलाके में स्थित अपने ननिहाल कोटोल गांव के घर के सामने सड़क पर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। उसी समय दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर आए। दोनों ने हेलमेट पहन रखे थे ताकि उनकी पहचान छिपी रहे। उन्होंने बच्ची को जबरन उठाकर मोटरसाइकिल पर बीच में बैठाया और चांदीपुर की दिशा में फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही हरिश्चंद्रपुर थाना प्रभारी ने तुरंत आसपास के थानों को अलर्ट किया और इंटर-डिस्ट्रिक्ट नाका चेकिंग शुरू करवाई। स्थानीय जनता को भी बाइक का रंग, मॉडल, हेलमेट का विवरण और दिशा बताकर सतर्क किया गया। चांदिपुर में एक व्यक्ति ने आरोपितों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वे तेज रफ्तार से भागते हुए लक्ष्मणपुर और फिर भालुका रोड की ओर निकल गए। इस बीच, प्राप्त इनपुट के आधार पर जब आरोपित इस्लामपुर के पास पहुंचे, तो उन्हें चांचल के एसडीपीओ और एसआई मोहम्मद जाकिर हुसैन की टीम ने देख लिया। पुलिस को देखकर दोनों भागने की कोशिश में एक संकरी गली से निकलने लगे, लेकिन उनकी बाइक फिसल गई। घटनास्थल पर पुलिस ने एक आरोपित छोटन नाग (39) को पकड़ लिया। बच्ची और अपहरण में प्रयुक्त मोटरसाइकिल उसके कब्जे से बरामद की गई। दूसरा आरोपित सितेन मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। बच्ची को मामूली चोटें आईं। उसे तुरंत हरिश्चंद्रपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी एक्स-रे जांच सहित प्राथमिक चिकित्सा दी गई। पुलिस ने बताया कि पूरी कार्रवाई मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार की गई, और फरार आरोपित की तलाश जारी है।

## ममता ने आज बिड़ला फैक्टरी उद्घाटन समारोह रद्द होने का दिया संकेत

### बाहरी दबाव का लगाया आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को संकेत दिया कि आदित्य बिड़ला समूह के एक पेंट निर्माण संयंत्र का उद्घाटन समारोह रद्द करने के उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला के फैसले की वजह बाहरी दबाव हो सकती है। बता दें कि आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन बिड़ला आज खड़गपुर में होने वाले उद्घाटन समारोह में शामिल होने वाले थे। हालांकि, उन्होंने मुख्यमंत्री को संदेश भेजकर बताया कि वह स्वास्थ्य कारणों से वह दौरा रद्द कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने कल संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि मैं बिड़ला ओपस फैक्टरी का उद्घाटन करूंगी, जो अब पूरी तरह तैयार है। आधे घंटे के अंदर मुझे एक संदेश मिला। एक पत्र भेजा गया जिसमें स्वास्थ्य समस्या का हवाला देते हुए कार्यक्रम रद्द करने के लिए माफी मांगी गई। ममता ने कहा कि मैं उन्हें दोष नहीं दे रही। मुझे लगता है यह एक बहुत भारी वायरस का असर है, जो सभी को डराता है। उन्होंने हालांकि कुछ स्पष्ट नहीं किया, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि उनका संकेत राजनीतिक दबाव की ओर था, जिसकी वजह से बिड़ला ने कार्यक्रम रद्द करने का फैसला लिया।

## बशीरहाट में वज्रपात से किसान की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उप-जिले के मटिया थाना अंतर्गत चैता ग्राम पंचायत के केंदुआ दक्षिणपाड़ा में खेत में काम करते समय वज्रपात से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान कुद्दुस मंडल (38) के रूप में की गई है। पता चला है कि किसान कुद्दुस मंडल खेती के लिए खेत में गए थे, तभी अचानक आसमान में बादल छा गए और बिजली गिरने लगी। उसी समय, कुद्दुस पर एक तेज बिजली गिरी और वह कृषि भूमि पर गिर पड़े। जब स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने उन्हें बेसुध पाया। मटिया थाने को तुरंत सूचित किया गया। पुलिस ने आकर शव को बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए बशीरहाट जिला अस्पताल भेज दिया। इस अचानक मौत की खबर सुनकर परिवार, रिश्तेदार और पड़ोसी स्तब्ध हैं। इलाके में शोक की छाया छा गई है।

### भारत में एनिमल हेल्थकेयर सर्विस का नया युग:

## वेटरिनरी वैक्सीन निर्माताओं ने वीवीआईएमए का किया गठन

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारत के एनिमल हेल्थकेयर सेक्टर में एक अहम पहल के रूप में देश के प्रमुख वेटरिनरी वैक्सीन निर्माताओं ने वेटरिनरी वैक्सीन इंडिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (वीवीआईएमए) का गठन किया है। यह एक गैर-सरकारी, गैर-लाभकारी संगठन होगा जो उद्योग की सामूहिक आवाज के रूप में कार्य करेगा। वीवीआईएमए का उद्देश्य भारत को पशु वैक्सीन अनुसंधान, विकास और उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाना है। वी-वीआईएमए नीति-निर्माताओं और नियामकों के साथ मिलकर गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा। संगठन पशु और पोल्ट्री स्वास्थ्य के लिए प्रभावी टीकाकरण रणनीतियों को प्रोत्साहित करेगा, जिससे बीमारियों और जूनोटिक संक्रमणों के जोखिम को कम किया जा सके। वीवीआईएमए के अध्यक्ष राजीव गांधी (हेस्टर बायोसाइंसेज लिमिटेड) ने कहा कि यह संघ भारत को वेटरिनरी वैक्सीन निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करेगा। उपाध्यक्ष डॉ. के. आनंद कुमार (इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड) ने कहा कि वीवीआईएमए भारत को वैश्विक वेटरिनरी वैक्सीन हब बनाने की दिशा में नीतिगत सहयोग देगा।

## तमलुक के जेवरात दुकान में डकैती मामले में ज्वेलरी शॉप मालिक गिरफ्तार

❑ **मामले में अबतक चार गिरफ्तार**

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के तमलुक में हुई चर्चित सोना दुकान डकैती कांड में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस घटना में संलिप्त एक और आरोपित, पश्चिम मेदिनीपुर जिले के दासपुर निवासी जयंती ज्वेलर्स के मालिक देबाशीष सामंत को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस ने सभी आरोपितों को तमलुक अदालत में पेश किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत 22 सितंबर को तमलुक के मिलननगर इलाके की एक सोना दुकान में लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के नकद और सोने की डकैती हुई थी। इस मामले में



पहले ही तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस की जांच में यह सामने आया कि चोरी किया गया सोना दासपुर के व्यापारी देबाशीष सामंत ने खरीदा था। तमलुक थाने की पुलिस ने लगातार निगरानी और तकनीकी सर्वेक्षण के माध्यम से इस पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। बताया गया है कि तीनों मुख्य आरोपीत पांश्कुड़ा थाना क्षेत्र के कृष्णनगर गांव के बाप्पादित्य बाग, उसके पड़ोसी दिलीप माइति, और पश्चिम मेदिनीपुर के दासपुर निवासी श्रीकांत माजी है। पुलिस ने इन तीनों को लगभग 132 सीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर ट्रैक किया था। जांच में यह भी पता चला कि डकैती के बाद आरोपित शहीद मातंगिनी ब्लॉक के खारुई होते हुए रूपनारायण नदी के किनारे से होते हुए कोलाघाट पार कर दासपुर पहुंचे थे। उनके सहयोग से पुलिस ने यह पूरा गिरोह उजागर किया। तमलुक पुलिस ने बताया कि आरोपित देबाशीष सामंत ने चोरी के सोने की खरीद-फरोख्त में भूमिका निभाई थी। प्रारंभिक पूछताछ में उसने कई अहम जानकारियाँ दी हैं, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। अब तक इस मामले में कुल चार गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और पुलिस का दावा है कि जल्द ही शेष फरार आरोपितो को भी पकड़ लिया जाएगा। गिरफ्तार तीनों मुख्य आरोपीत वर्तमान में छह दिन की पुलिस हिरासत में हैं।

## बेलडांगा में बेटे और पत्नी की हत्या के बाद व्यक्ति ने लगाई फांसी

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बेलडांगा थाना अंतर्गत आंदीरन हलदार पाड़ा गांव मंगलवार की देर रात एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और सात वर्षीय बेटे का गला काटकर हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों की पहचान संजीत हलदार (40), मौसुमी हलदार (28) और उनके सात वर्षीय बेटे रेहान हलदार के रूप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, पति-पत्नी के बीच पारिवारिक कलह के कारण यह दर्दनाक घटना हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार की रात संजीत हलदार ने अपने कमरे में लकड़ी काटने वाले आरे से पत्नी और बेटे का गला रेत दिया, और फिर पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह जब संजीत की मां बाथरूम जाने के लिए उठीं, तो उन्होंने खिड़की से देखा कि उनका बेटा फंदे से लटक रहा है। उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसी आकर दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए। अंदर का दृश्य देखकर सब स्तब्ध रह गए। संजीत की पत्नी और बेटे के शव रक्तरंजित हालत में पड़े थे। फौरन बेलडांगा थाने को सूचना दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्प-ताल भेज दिया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इस नृशंस घटना के पीछे कोई और कारण तो नहीं है। बेलडांगा थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## आसनसोल मंडल ने सीतारामपुर स्टेशन पर अमृत संवाद का किया आयोजन

**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत 8 अक्टूबर को सीतारामपुर रेलवे स्टेशन पर अमृत संवाद का आयोजन किया। यह पहल रेल चौपाल की अवधारणा से प्रेरित है और इसका उद्देश्य अमृत काल की दृष्टि तथा माननीय प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए पंच प्राण सिद्धांतों के अनुरूप रेलवे अधिकारियों और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन, गति शक्ति और वाणिज्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किया गया। संवाद का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और स्थानीय उपयोगकर्ताओं



से फीडबैक लेना, यात्रा अनुभव सुधारना, चल रही पहलों का आकलन करना, और विकास कार्यों में सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर यात्रियों और स्थानीय निवासियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई, सुधार कार्यों पर प्रतिक्रिया साझा की और प्रगति को स्वीकार किया। अधिकारियों ने यात्रियों से नागरिक जिम्मेदारी अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने, थूकने से परहेज करने और कचरे के उचित निपटान के लिए कूड़ेदान का उपयोग करने का आग्रह किया।

## एथर एनर्जी ने 'रिज्टा' के साथ 5 लाख इलेक्ट्रिक स्कूटरों का आंकड़ा किया पार

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी एथर एनर्जी लिमिटेड ने तमिलनाडु स्थित अपने होसुर संयंत्र से 5,00,000वें स्कूटर के उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। यह मील का पत्थर कंपनी के लोकप्रिय पारिवारिक स्कूटर 'रिज्टा ने हासिल किया, जिसने लॉन्च के बाद से एथर की तेजी से बढ़ती सफलता में अहम भूमिका निभाई है। इस अवसर पर कंपनी के सह-संस्थापक और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी स्वप्निल जैन ने कहा कि यह उपलब्धि वर्षों की केंद्रित इंजीनियरिंग, कठोर परीक्षण और गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ-साथ टीम के समर्पण और ग्राहकों के विश्वास का परिणाम है। वर्तमान में 'रिज्टा' एथर के कुल उत्पादन का एक तिहाई से अधिक हिस्सा है और कंपनी के उत्तर व मध्य भारत में विस्तार को गति दे रहा है।

एथर की होसुर स्थित दो इकाइयों की संयुक्त वार्षिक क्षमता 4.2 लाख स्कूटर है, जिसे महाराष्ट्र के बिडकिन स्थित फैक्ट्री 3.0 के पूर्ण संचालन के बाद 14.2 लाख इकाइयों तक बढ़ाया जाएगा। कोलकाता में भी एथर की पकड़ मज़बूत हो रही है, जहां स्वच्छ परिवहन के प्रति बढ़ती जागरूकता और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण 'रिज्टा' की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है।

## सियालदह डिवीजन में स्वच्छता पखवाड़ा और विशेष अभियान 5.0 का सफल आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा 2025 और विशेष अभियान 5.0 के तहत रेलवे अधिकारियों, स्टाफ, स्वयंसेवकों और यात्रियों के साथ मिलकर स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा दिया। यह अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चल रहा है और इसका उद्देश्य रेलवे परिसरों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना है। इसके तहत, 8 अक्टूबर को सियालदह डिवीजन का पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग स्वच्छ परिसर के तहत विशेष गतिविधियों का आयोजन किया। रेलवे कॉलोनियों, रिटायरिंग रूम,



प्रतीक्षालय, रेस्ट हाउस और डॉर्मिटरी में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। सौंदर्यीकरण के लिए पेड़-पौधों की रोपाई और लैंडस्केपिंग की गई, जबकि कचरा पृथक करने के लिए सूखी और गीली कचरा बीन विभिन्न स्थानों पर रखी गई। अभियान का विस्तार कृष्णापुर, नैहाटी, शांतिपुर, कोलकाता और रानाघाट स्टेशनों तक किया गया। इसी दिन अमृत संवाद आयोजित कर वरिष्ठ अधिकारियों ने यात्रियों और रेलवे उपयोगकर्ताओं के साथ स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व पर चर्चा की। इस पहल से सियालदह डिवीजन की स्वच्छ, हरित और सतत वातावरण बनाए रखने की प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई।

### हर बुनाई में सौंदर्य और शक्ति - डॉ. रुपाली बसु की 'पूजा साज' शारदीया नमन

**कोलकाता, समाज्ञा :** महालया के साथ ही मां दुर्गा के आगमन की आहट पूरे बंगाल में उत्सव का उल्लास भर देती है। इसी दिव्य भावना को आत्मसात करते हुए डॉ. रुपाली बसु ने अपनी इस वर्ष की 'पूजा साज' को भारतीय परंपरा, नारीत्व और शक्ति के प्रति समर्पित किया है। उन्होंने जिस चमकदार ऑरेंज कांजीवरम साड़ी को चुना है, वह ऊर्जा, उत्सव और भक्ति की प्रतीक बनकर सामने आती है। सुनहरे और रुपहले जरी की महीन कढ़ाई इसे पारंपरिक गरिमा प्रदान करती है, जबकि इसका जीवंत नारंगी रंग आत्मविश्वास और आंतरिक तेज का प्रतीक है। पारंपरिक केश-विन्यास में सजे ताजे फूल और शिउली फूल की आकृति वाले मीनाकारी आभूषण उनकी साज को पूर्णता देते हैं। कोलकाता की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में डॉ. बसु न केवल एक प्रतिष्ठित पेशेवर हैं, बल्कि भारतीय हैंडलूम और स्त्री शक्ति की प्रेरणास्रोत भी हैं।

## मानव तस्करी रोकते हुए आरपीएफ ने 13 बच्चों को बचाया, 1 तस्कर गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने मानव तस्करी रोकने और कमजोर बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष अभियानों के तहत 13 बच्चों को बचाया और 1 तस्कर को गिरफ्तार किया। 7 अक्टूबर को ऑपरेशन आहत के तहत मालदह डिवीजन के साहिबगंज पोस्ट आरपीएफ अधिकारियों ने साहिबगंज रेलवे स्टेशन से 07 लड़के और 01 लड़की को बचाया और 1 तस्कर को हिरासत में लिया। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि बच्चों को दिल्ली में श्रम कार्य के लिए भेजा जा रहा था। बचाए गए बच्चों को चाइल्ड लाइन, साहिबगंज को सौंपा गया, जबकि तस्कर को जीआरपीएस/साहिबगंज के हवाले किया गया। इसी दिन ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आसनसोल और मालदह डिवीजन के आरपीएफ अधिकारियों ने आसनसोल और जमालपुर रेलवे स्टेशन से 05 नाबालिग लड़कियों को बचाया। इनमें से एक लड़की घर से बिना बताए भागी थी, जबकि बाकी चार लड़कियां स्टेशन पर भटक रही थीं। सभी बच्चों को चाइल्ड लाइन को सौंपकर पुनर्वास और काउंसलिंग के लिए भेजा गया।

## जय प्रकाश नारायण की 46वीं पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत रत्न से सम्मानित लोकनायक जय प्रकाश नारायण की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पार्क सर्कस मैदान में उनकी मूर्ति पर लोकनायक जय प्रकाश नारायण स्मृति समिति के सदस्यों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समिति की ओर से बादामी देवी धर्मशाला में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 120 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच और 144 लोगों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 78 मरीजों को चश्मा प्रदान किया गया, जबकि 27 मरीजों को ऑपरेशन के लिए पाया गया। इसके अलावा, संगठन ने अनाथ बच्चों को घरेलू उपयोग की आवश्यक वस्तुएं उपहार स्वरूप वितरित कीं।

शिविर का उद्घाटन डॉ कौशिक सिन्हा, अमृता सिन्हा और प्रोफेसर भगवान राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रधान अतिथि रामबाबू यादव, अमिताभ दत्त, रमेश ठाकुर,




राजगृह सिंह, भरत यादव, रोहित सिंह, कृष्णा सिंह, भरत सिंह, अश्वनी सिंह, त्रिभुवन कुमार मिश्र, राजेश सिंह, अमर पाण्डेय, दारा सिंह, डॉ बी एन राय, राकेश राय, रामविनोद सिंह, अनिल सिंह, विजय सिंह, भरत यादव, डॉ के.के. राय, जयराम यादव, डॉ के.के. ठाकुर, डॉ वी.के. ठाकुर, रूपेश साव, अनिश सिद्धकी, शिक्षक संतोष सिंह, अमित सिंह,मनोज सिंह,भोला सिंह, तीर्थ नाथ पाण्डेय,उमेश सिंह,सरोज मिश्रा, संतोष सिंह,श्रीराम सिंह, हौसला नंद तिवारी, विकास राय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विमलेश सिंह, संकटा सिंह, महंगू सिंह, बिजेंद्र प्रसाद सिंह, संजय सिंह, रंजय सिंह, जीतू सिंह, उत्तम सिंह,सीटू सिंह,मुकेश सिंह,भोला सिंह,जितेन्द्र सिंह, साहब सिंह, विजय सिंह, आशुतोष सिंह व उत्कर्ष सक्रिय रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन के महासचिव संतोष सिंह व धन्यवाद ज्ञापन सुजीत सिंह ने किया।

### एतिहाद एयरवेज का नया ए321एलआर विमान कोलकाता से पहली उड़ान के साथ भारत में शुरू




**कोलकाता, समाज्ञा :** एतिहाद एयरवेज ने भारत में अपने नए और अत्याधुनिक ए321एलआर विमान की शुरुआत कोलकाता रूट से की है। एयरलाइन ने अबू धाबी और कोलकाता के बीच सभी उड़ानों में इस विमान को शामिल किया है, जिसमें यात्रियों के लिए फर्स्ट सुइट, ले-फ्लैट बिजनेस क्लास और नेक्स्ट-जेनरेशन इकोनॉमी क्लास की शानदार सुविधाएं उपलब्ध हैं। पहली उड़ान ईवाई222, जो पूरी तरह बुक थी, 24 सितंबर को रात 8:35 बजे कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। एतिहाद अब इस रूट पर हर हफ्ते आठ रिटर्न उड़ानें संचालित करेगा। ए321एलआर में प्राइवेसी के लिए स्लाइडिंग डोर वाले दो फर्स्ट सुइट, सीधे गलियारे तक पहुंच वाली 14 बिजनेस सीटें, और 144 इकोनॉमी सीटें हैं, जिनमें 4के टचस्क्रीन, ब्लूटूथ, वायरलेस चार्जिंग और हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा दी गई है। एतिहाद के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अरीक डे ने कहा कि भारत एयरलाइन के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और यह नई शुरुआत भारतीय यात्रियों को एतिहाद के अंदाज में लग्जरी और सुविधा का अनुभव देगी।

# दक्षिण बंगाल से 14 अक्टूबर तक विदा लेगा मॉनसून, ठंड की होगी शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** निम्न दबाव और चक्रवातीय परिसंचरण के असर से लगातार बारिश और तबाही के बाद अब बंगाल में मौसम बदलने के संकेत दिखने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण बंगाल से मॉनसून 12 से 14 अक्टूबर के बीच विदा ले सकता है। इसके बाद, धीरे-धीरे तापमान में गिरावट शुरू होगी और राज्य में शीतलता का अहसास बढ़ेगा। मौसम विभाग के बयान के मुताबिक, अगले सप्ताह के अंत तक कोलकाता और आसपास के इलाकों में



न्यूनतम तापमान 20 से 22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि पश्चिमी जिलों में यह 18 से 20 डिग्री के बीच रहेगा। विभाग ने बताया कि उत्तर बंगाल से भी 10 से 13 अक्टूबर के बीच मॉनसून के विदा होने की संभावना है। आकाश साफ होने के बाद धूप खिलने के साथ ही दार्जिलिंग की चोटियों से कंचनजंघा के दर्शन संभव होंगे। सिलीगुड़ी, सोनादा और शुकना जैसे तराई क्षेत्रों से भी 15 अक्टूबर तक मॉनसून के पूरी तरह हटने की उम्मीद है। विभागीय अनुमान के अनुसार, 25 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच बंगाल में शीत ऋतु की शुरुआत महसूस की जा सकेगी। सुबह के समय हल्की ठंडक रहेगी, दिन में थोड़ी गर्मी और शाम ढलते ही मौसम फिर सुहावना हो जाएगा।

### 8 से 10 अक्टूबर तक हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 8 से 10 अक्टूबर के बीच दक्षिण बंगाल के झाड़ग्राम, पश्चिम और पूर्व मेदिनीपुर, हावड़ा, हुगली, नदिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा कोलकाता में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा के साथ वज्रपात हो सकता है। झारखंड में बने चक्रवातीय परिसंचरण के कारण आज दक्षिण बंगाल के कई हिस्सों में बिखरी हुई हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है, जो शुक्रवार तक जारी रह सकती है। हालांकि, शनिवार से बारिश में कमी आएगी। यदि बंगाल की खाड़ी में कोई नया निम्न दबाव नहीं बनता है तो आगे बारिश की संभावना नहीं रहेगी और हवा में नमी घटकर मौसम शुष्क होने लगेगा। दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और कूचबिहार जिलों में गुरुवार तक हल्की से मध्यम वर्षा संभव है। उसके बाद, उत्तर बंगाल में भी बारिश की गतिविधियां कम होंगी। कोलकाता में आज बुधवार को आसमान मुख्य रूप से बादलों से घिरा रहेगा। अगले 24 घंटे में बिखरी हुई हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात हो सकता है। हालांकि, भारी बारिश की आशंका नहीं है।

## हावड़ा डिवीजन ने अभियान 5.0 में अमृत संवाद और स्वच्छ परिसर गतिविधियों का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने विशेष अभियान 5.0 के तहत नागरिक-केंद्रित पहल अमृत संवाद और स्वच्छ परिसर गतिविधियों का सफल आयोजन किया। यह पहल अमृत काल की दृष्टि और प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए पंच प्रण सिद्धांतों के अनुरूप रेल और नागरिकों के बीच सीधी बातचीत और संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस कार्यक्रम में हावड़ा डीआरएम मुख्य अतिथि रहे। अतिरिक्त डीआरएम, पूर्व कमान के वरिष्ठ अधिकारी और पूर्व क्रिकेटर श्रवंत गोस्वामी सहित डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारी और स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हावड़ा के डीआरएम के प्रेरक संबोधन से हुआ, जिसमें स्वच्छता और सार्वजनिक



भागीदारी के महत्व पर जोर दिया गया। इस अवसर पर स्वच्छता में योगदान और सामुदायिक सेवा के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा नुक्कड़ नाटक और एंटी-लिटरिंग अभियान चलाए गए, जिससे स्वच्छता, जिम्मेदार कचरा प्रबंधन और सामूहिक प्रयासों के प्रति जागरूकता बढ़ी। साथ ही, स्वच्छ परिसर गतिविधियों के तहत रेलवे कॉलोनियों, रिटायरिंग रूम, प्रती-क्षालय, रेस्ट हाउस और डॉर्मिटरी में सफाई अभियान चलाए गए। पेड़-पौधों की रोपाई और लैंडस्केपिंग के माध्यम से सौंदर्यीकरण पर भी ध्यान दिया गया। कचरे के पृथक संग्रह और सूखी-गीली कचरा बीन की व्यवस्था कर कुशल कचरा प्रबंधन सुनिश्चित किया गया।

# भाजपा सांसद और विधायक पर हमला सुनियोजित, मुख्यमंत्री इस्तीफा दें : सुकांत

## केंद्रीय मंत्री ने घायल पार्टी सांसद-विधायक से अस्पताल जाकर की मुलाकात

**सिलीगुड़ी :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने बुधवार को दावा किया कि जलपाईगुड़ी जिले में बीते 6 अक्टूबर को उनकी पार्टी के सहयोगियों पर हुआ हमला 'हत्या का पूर्व नियोजित प्रयास' था। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफा देने की मांग की। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री मजूमदार ने नागराकाटा की घटना की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। भाजपा नेता ने कहा कि ममता बनर्जी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहीं। उन्हें मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का



कोई अधिकार नहीं है और उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। मजूमदार ने दावा किया कि उनकी पार्टी के जनप्रतिनिधियों पर हमला विरोध की आवाज को दबाने के लिए किया गया था। उन्होंने उत्तर बंगाल के बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित इलाकों का दौरा करते हुए संवाददाताओं से कहा कि हमारे नेताओं पर हमले की प्रकृति और पिछले दो दिनों में एक भी गिरफ्तारी न होने की पृष्ठभूमि में स्पष्ट है कि यह हत्या का एक पूर्व नियोजित प्रयास था। हमें राज्य पुलिस पर भरोसा नहीं है। सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसी से इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मुर्मू और घोष के साथ गए कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी हमले में घायल हुए हैं। मजूमदार ने कहा कि नागराकाटा में कई अन्य पार्टी पदाधिकारियों की पिटाई की गई, लेकिन उनकी चोटों की गंभीरता का पता नहीं चल पाया, क्योंकि उन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया और वे घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस हमले में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस पंचायत प्रधान ने मदद की थी। उन्होंने कहा कि हालांकि, कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है, लेकिन जब राज्य प्रशासन की ओर से तृणमूल कांग्रेस द्वारा संरक्षित अपराधियों पर मुकदमा चलाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो हमें उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सीबीआई जांच का अनुरोध करना पड़ता है। मजूमदार ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन बाढ़ प्रभावित नागराकाटा और उत्तर बंगाल के अन्य हिस्सों में तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच चुनिंदा रूप से राहत सामग्री वितरित कर रहा है, जबकि क्षेत्र में विपक्षी भाजपा समर्थकों को इससे वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार लोगों को राहत देने में विफल रही है। मुख्यमंत्री इस क्षेत्र में आईं, लेकिन लोगों की परेशानियों को कम करने के लिए कुछ नहीं किया। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि केंद्र ने उत्तर बंगाल के लिए 6,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल प्रशासन इस राशि का उपयोग करने में विफल रहा है और केंद्र पर आरोप लगाता रहा है। मजूमदार ने बाद में अस्पताल में मुर्मू से मुलाकात की और संवाददाताओं से कहा कि घायल भाजपा सांसद से मिलने के बाद मुख्यमंत्री की टिप्पणी 'गैर जिम्मेदाराना' थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने (बनर्जी ने) पूछा था कि मुर्मू पर इस तरह का हमला कैसे हुआ, जबकि यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ है। क्या वह आत्म-भ्रामक तरीके से काम कर रही हैं? या वह राज्य पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी से बच रही हैं? मैं तृणमूल को आगाह करता हूं कि अगर आज तक हमले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो भाजपा कार्यकर्ता उसी भाषा में जवाब देंगे, जैसी (भाषा) तृणमूल समझती है। हालांकि, हम यह शांतिपूर्वक तरीके से करेंगे। भाजपा नेता ने दावा किया कि मुर्मू की हालत गंभीर है, लेकिन सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुर्मू की आंखों के नीचे गहरी चोटें आई हैं और वह बोलने की स्थिति में नहीं हैं तथा "हम उनके शीघ्र और सुरक्षित स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

### डंपर की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत, गुस्साएं लोगों ने किया सड़क जाम

हावड़ा, समाज्ञा

हावड़ा के बागनान इलाके में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत




हो गई। घटना सुबह करीब साढ़े दस बजे ईश्वरपुर गांव के पास मुंबई रोड पर हुई, जब बीमार रिश्तेदार से मिलकर देउलटी बाजार जा रही दो महिलाओं को एक तेज रफ्तार मेदिनीपुरगामी डंपर ने पीछे से कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मैना मंडल (60) और मीना मंडल (45) के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोश में आकर राष्ट्रीय राजमार्ग को आधे घंटे से अधिक समय तक जाम कर दिया और पुलिस को शव उठाने से रोक दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि प्रशासन क्षेत्र में राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। बाद में बागनान थाने के आईसी अभिजीत दास और स्थानीय तृणमूल नेता अक्षय मंडल ने आश्वासन देकर स्थिति को शांत किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हिस्से में अब तक सर्विस रोड का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे लोग मजबूरन फुटपाथ पर चलते हैं और हादसे बढ़ रहे हैं। उनकी मांग है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण जल्द से जल्द सर्विस रोड बनाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## महेशतल्ला में दो गुटों में संघर्ष, पथराव व बमबाजी, पुलिस व रैफ तैनात

**कोलकाता, समाज्ञा :** महेशतल्ला के रविन्द्रनगर थाना अंतर्गत वार्ड 2 व 10 से सटे इलाके में कथित तौर पर दो मोहल्ले के लोगों के बीच जमकर पथराब हुए व बम भी चले। पुलिस व स्थानीय लोगों से मिली खबरों में बताया गया है कि महेशतल्ला के रविन्द्रनगर थाना अंतर्गत कुदुसपाड़ा व आलमपुर इलाके के लोगों के बीच खूनी संघर्ष की घटना कथित तौर पर एक युवती के साथ छेड़छाड़ लेकर शुरु हुई। आरोप है कि कई दिनों से कुदुसपाड़ा व आलमपुर के बीच तनातनी व्याप्त थी। बुधवार को दोनों इलाके के लोग फिर सड़क पर तब फिर उतर आये जब उक्त घटना को लेकर दो मोहल्ले के लोग स्थानीय पंचायत में किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंचे। ऐसे में कथित पंचायत की बैठक में कोई



फैसला नहीं होने के दौरान जमकर तनातनी हुई और दो गुटों के लोग संघर्ष पर उतर आये। आरोप है कि उक्त दौरान जमकर पथराव हुए और बम भी चले। बहरहाल, खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर ईंट-पत्थरों से पटा देखा गया। वहीं, इलाके में एक दर्जन से अधिक पुलिस के वाहनों के साथ भारी संख्या में पुलिस कर्मी, रैफ व अधिकारी तैनात थे व गश्त जारी थी। जबकि, कहा जा रहा है कि मामले में दर्जनों लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

## शादी के लिए राजी न होने पर मिनाखां में नाबालिग लड़की पर एसिड से हमला, पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखां थाना इलाके में एक पड़ोसी युवक पर शादी के लिए राजी न होने पर नाबालिग लड़की पर एसिड से हमला करने का आरोप लगा है। पड़ोसी युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। कथित तौर पर, आरोपी युवक पहले भी नाबालिग पर एसिड फेंक चुका है। नाबालिग लड़की को गंभीर हालत में कोलकाता स्थानांतरित कर दिया गया है। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, मिनाखां थाना निवासी एक पड़ोसी युवक पिछले कुछ महीनों से शादी करने के लिए कक्षा 10 की छात्रा को परेशान कर रहा था। उसने कई बार उसके सामने प्रस्ताव भी रखा था। लेकिन, लड़की ने कोई जवाब नहीं दिया। छात्रा द्वारा अपने माता-पिता को घटना के बारे



में बताने के बाद, वे युवक के घर गए और लड़के के परिवार को सूचित किया। इसके बाद भी पड़ोसी युवक ने लड़की को परेशान करना जारी रखा। बल्कि, उत्पीड़न का स्तर बढ़ गया। यहां तक कि युवक ने लड़की के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने लगा। यह सब जानने के बाद, लड़की की मां ने एक महीने पहले जोरदार विरोध किया था। इस पर, युवक ने रात के अंधेरे में छात्रा की मां पर तेजाब फेंका था। इसके बाद, युवक ने सड़क पर, स्कूल में और जहां भी नाबालिग को देखा, उसे तरह-तरह से परेशान करने लगा। लड़की किसी तरह उससे बचती रहती थी। इससे युवक और आक्रामक हो गया। बताया गया है कि गत सोमवार की देर रात, जब लड़की सो रही थी, युवक ने खिड़की से उस पर तेजाब फेंक दिया। उसकी चीख सुनकर परिवार के सदस्य जाग गए। उसे पहले मिनाखां ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। कुछ देर वहां इलाज चलने के बाद उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे कोलकाता के एसएसकेएम में भर्ती कराया गया। मंगलवार की दोपहर युवक के खिलाफ मिनाखां थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने पड़ोस के युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## हावड़ा में रॉबिन्सन स्ट्रीट की छाया, दो सप्ताह तक बड़े भाई के सड़े शव को संभाले रखा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में रॉबिन्सन स्ट्रीट जैसे हादसे की कहानी फिर से सामने आई है। एक आवासीय मकान में बड़े भाई का सड़ा-गला शव दो सप्ताह तक उनके मानसिक रूप से अस्वस्थ भाई द्वारा संभाले रखा गया। बुधवार दोपहर इलाके में तेज दुर्गंध फैलने के बाद पड़ोसियों और अन्य निवासियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फ्लैट का दरवाजा तोड़कर लगभग 50 वर्षीय राजकुमार गुप्ता का शव बरामद किया। यह घटना जीटी रोड के पास संध्याबाजार इलाके में हुई। शव को हावड़ा थाने की पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि व्यक्ति की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण मृत्यु हुई।

पुलिस के अनुसार, जब फ्लैट का दरवाजा तोड़ा गया तो राजकुमार का



शव बिस्तर पर पड़ा था और उस पर कीड़े मकोड़े बैठे थे। वहीं उनका भाई किशन कानहैया गुप्ता, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं, शव के पास खड़ा था। इसी वजह से उन्होंने किसी को मौत की सूचना नहीं दी। राजकुमार और उनके भाई किशन करीब 30 साल से उसी फ्लैट में रहते थे। माता-पिता की मृत्यु के बाद दोनों भाई किसी से अधिक बातचीत नहीं करते थे और दोनों अविवाहित थे। हालांकि पंडाल या पूजा के समय किशन बाहर जाकर पानी और खाने का सामान लाते थे।

### ब्रिज पर पलटी लॉरी, चालक गंभीर

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर-बालेश्वर 16 नंबर राष्ट्रीय सड़क पर नारायणगढ़ के हण्डला राजगढ़ इलाके में एक लॉरी हादसे का शिकार हो गई। उड़ीसा से खड़गपुर की ओर जा रही लॉरी ब्रिज पर नियंत्रण खो बैठी और ब्रिज की सीमेंट रेलिंग तोड़ते हुए खेत में पलट गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। नारायणगढ़ थाना की पुलिस ने घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर रास्ते में जमा भीड़ को हटाया और आने-जाने का प्रबंध किया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने दो नए ग्राहक टचपॉइंट्स के साथ राज्य में किया अपना विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कोडा ऑटो इंडिया ने राज्य में दो नए कस्टमर टचपॉइंट्स का उद्घाटन किया है, जिससे राज्य और भारत के पूर्वी क्षेत्र में इसकी नेटवर्क उपस्थिति और मज़बूत हुई है। सांवरिया ऑटोमोटिव (एसपीएल स्कोडा) के साथ साझेदारी में शुरू की गई इन नई सुविधाओं में साल्टलेक, कोलकाता में एक नया शोरूम और अल्जीरिया, बारासात में एक नई सेल्स और आफ्टरसेल्स सुविधा शामिल है। इन नए कस्टमर टचपॉइंट्स के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक, आशीष गुप्ता ने कहा कि राज्य हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार है, और ये नई डीलरशिप कोलकाता के व्यावसायिक और तकनीकी केंद्र के केंद्र में स्कोडा ब्रांड को ग्राहकों के और करीब लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सांवरिया ऑटोमोटिव (एसपीएल स्कोडा) के डीलर प्रिंसिपल, निकुंज अग्रवाल ने कहा कि हमें राज्य में दो नए डीलरशिप आउटलेट खोलकर स्कोडा ऑटो इंडिया के साथ साझेदारी करने पर गर्व है।

## पटरी से उतरी मालगाड़ी, सियालदह-बजबज शाखा पर ट्रेन सेवाएं हुई बाधित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह-बजबज रेलखंड पर बुधवार की सुबह एक मालगाड़ी के डिब्बे के पटरी से उतर जाने के कारण अप और डाउन दोनों लाइनों पर ट्रेन सेवाएं कई घंटों तक प्रभावित रहीं। हादसा बजबज स्टेशन से कुछ दूरी पर 14 नंबर रेलवे गेट के पास हुआ। घटना के बाद रेल अधिकारियों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कर दिया। क्रेन की मदद से पटरी से उतरे डिब्बे को हटाने गई। इस बीच, रेल प्रशासन ने बताया कि सेवाओं को जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार, इस घटना के चलते लोकल ट्रेनों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अप और डाउन दोनों दिशाओं की सभी ट्रेनें करीब एक घंटे की



देरी से चली। कई ट्रेनों को आकड़ा, नुंगी और संतोषपुर स्टेशनों से सियालदह की ओर भेजा गया है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। घटना ऐसे समय हुई जब अधिकांश यात्री दफ्तरों के लिए रवाना हो रहे थे। सुबह के व्यस्त समय में सेवाएं बाधित होने से हजारों नित्ययात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे की ओर से कहा है कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद जल्द ही ट्रेनों की आवाजाही सामान्य कर दी जाएगी।

## भारतीय रेल ने दर्ज किया अब तक का सर्वाधिक 56.5% पूंजीगत व्यय, विकास कार्यों में तेजी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में अब तक का सर्वाधिक पूंजीगत व्यय (कैपेक्स उपयोग) दर्ज किया है। सितंबर 2025 तक रेलवे ने अपने कुल बजटीय आवंटन 2,52,200 करोड़ में से 1,42,487 करोड़ यानी 56.5 प्रतिशत कैपेक्स का उपयोग किया है, जो अब तक की सबसे तेज और उच्चतम पूंजीगत व्यय दर है। यह प्रदर्शन रेलवे की परियोजनाओं के तीव्र निष्पादन, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। रेल मंत्रालय के अनुसार, इस अवधि में सबसे अधिक खर्च सुरक्षा कार्यों, क्षमता वृद्धि, यात्री सुविधाओं और रोलिंग स्टॉक पर किया गया। सुरक्षा कार्यों के तहत कवच प्रणाली, ट्रैक नवीनीकरण, रोड ओवर ब्रिज, पुल और लेवल क्रॉसिंग जैसी परियोजनाओं पर 39,456 करोड़ के बजट में से 22,286 करोड़ (56%) खर्च किए गए। क्षमता वृद्धि से जुड़ी नई लाइनें, डबलिंग, गेज परिवर्तन, विद्युतीकरण और मेट्रो परिवहन कार्यों पर 1,09,986 करोड़ में से 49,001 करोड़ (45%) उपयोग किए गए। वहीं, ग्राहक सुविधाओं पर 12,004 करोड़ में से 5,863 करोड़ (49%) और रोलिंग स्टॉक-जिसमें कोच, इंजन और नई ट्रेनों की खरीद शामिल है-पर 56,693 करोड़ के बजट में से 25,948 करोड़ (46%) व्यय किए गए। रेल मंत्रालय ने कहा कि यह रिकॉर्ड कैपेक्स उपयोग रेलवे के अवसंरचनात्मक विकास की गति को मजबूत करता है और देश के आर्थिक विकास में भारतीय रेल की प्रमुख भूमिका को रेखांकित करता है।

## उत्तरपाड़ा के स्कूल में लगी आग, अग्निशमन व्यवस्था न होने पर नाराज स्थानीय लोग

**हुगली :** उत्तरपाड़ा के भद्रकाली शिवतला जी.टी. रोड पर स्थित एक निजी इंग्लिश मीडियम स्कूल में गुरुवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। उस समय स्कूल के अंदर छोटे-छोटे बच्चे मौजूद थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्कूल के एसी के आउटडोर यूनिट में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। धुआं और जली हुई गंध महसूस होते ही स्कूल प्रबंधन ने तुरंत दमकल को सूचना दी और एक दमकल इंजन मौके पर पहुंचा। दमकल अधिकारी कृपासिंधु दे ने बताया कि जब वे पहुंचे तब किसी प्रकार की लपटें नहीं थीं। आग स्कूल के बाहर लगे यूनिट में लगी थी, जबकि बच्चे उस समय कक्षाओं के अंदर थे। अभिभावकों ने सवाल उठाया कि जब धुआं दिखा तो बच्चों को बाहर क्यों नहीं निकाला गया। स्कूल प्रबंधन का



कहना है कि जिस कमरे में बच्चे थे, वहां कोई समस्या नहीं हुई और उस समय अभिभावक भी नहीं आए थे, इसलिए बच्चों को बाहर नहीं निकाला गया। घटना के बाद यह भी सामने आया कि स्कूल में कोई अग्निशमन व्यवस्था नहीं है। मौके पर पहुंचे उत्तरपाड़ा के 8 नंबर वार्ड के पार्षद तापस मुखोपाध्याय ने कहा, तीन साल से स्कूल चल रहा है, फिर भी कोई अग्निशमन व्यवस्था नहीं की गई - यह बहुत चिंताजनक है। स्कूल प्रबंधन से इस बारे में बात की जाएगी।

### कूचबिहार में जंगली सूअर के हमले में वृद्ध की मौत

**कूचबिहार :** जंगली सूअर के हमले में लापता एक वृद्ध की मौत हो गई है। घटना जिले के घोक्साडांगा इलाके में हुई है। मृतक का नाम काशीकांत बर्मन (66) है। स्थानीय लोगों के अनुसार, काशीकांत मंगलवार की शाम गायों की तलाश में निकले थे। तब से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा था। बुधवार को उनकी बेटी अनिमा बर्मन ने उनका शव घर से कुछ दूर जंगल में पड़ा देखा। खबर मिलते ही वन विभाग और पंचायत समिति के सदस्य मौके पर पहुंच गए। अनुमान लगाया जा रहा है कि उनकी मौत जंगली सूअर के हमले में हुई है। माथाभांगा रेंजर सुदीप दास ने कहा कि नियमित गश्त और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इलाके में गश्त जारी है। वन विभाग जंगली जानवरों को वापस भेजने के लिए काम कर रहा है।

## एमजी सलेक्ट के कोलकाता में हुआ नए एक्सपीरियंस सेंटर का शुभारंभ

कोलकाता, समाज्ञा

जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी लग्ज़री के साथ नए युग की ऑटोमोटिव लग्ज़री पेश करते हुए कोलकाता में अपने नए एक्सपीरियंस सेंटर का शुभारंभ किया है। 'रिइमेजिनिंग लग्ज़री' के सिद्धांत पर आधारित एमजी सलेक्ट एक्सपीरियंस सेंटर्स में बेहतरीन सेंसोरियल अनुभव के साथ व्यक्तिगत सेवाएं प्राप्त होंगी। यहां भारत में लग्ज़री कार खरीदने वालों को नए युग की लग्ज़री, इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के साथ प्रतिष्ठित श्रृंखला उपलब्ध होगी। हर शोरूम एक अलौकिक स्पेस का आभास देता है, जो स्पष्टता के साथ सुगम प्रवाह सुनिश्चित करता है। यहाँ पर एक्सक्लुसिविटी पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जहां कम ही ज्यादा है।

इस वास्तुकला के केंद्र में कार को रखा गया है, जिससे कार खरीदने वालों को बहुत ही दिलचस्प अनुभव प्राप्त होता है। मिलिंद शाह, हेड, एमजी सलेक्ट, जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि एमजी साईबर्सटर और एमजी एम9 को मिली बेहतरीन प्रतिक्रिया से हम बहुत उत्साहित हैं। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया लग्ज़री ईवी सेगमेंट में दूसरा सबसे बड़ा ब्रांड बन गया है। यह इन दोनों सफल कारों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कोलकाता लग्ज़री ऑटोमोबाईल केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लॉन्च किया 'एयू मल्टी-करेंसी फॉरेक्स कार्ड'

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने आज ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में मास्टरकार्ड के साथ साझेदारी में 'एयू मल्टी-करेंसी फॉरेक्स कार्ड' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह फॉरेक्स कार्ड अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को बेजोड़ सुविधा, सुरक्षा और वैश्विक पहुंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक ही कार्ड में अधिकतम छह करेंसी* लोड करने की सुविधा, लॉक-इन एक्सचेंज रेट, जिससे करेंसी में उतार-चढ़ाव से सुरक्षा, दुनिया भर में कई एटीएम और मर्चेंट्स पर स्वीकार्यता है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा: हमें मास्टरकार्ड के साथ मिलकर 'एयू मल्टी-करेंसी फॉरेक्स कार्ड' लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह कार्ड केवल पेमेंट का एक साधन नहीं है, बल्कि एक असली ट्रैवल कम्पैनियन के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जो सुरक्षा, लचीलापन और विश्वस्तरीय सहायता का संगम है। मास्टरकार्ड, दक्षिण एशिया के डिवीजन प्रेसिडेंट गौतम अग्रवाल ने कहा: यात्रा का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि लोग देश की सीमाओं के पार भी आत्मविश्वास और आसानी से कैसे आगे बढ़ सकते हैं।

### वीवो ने लॉन्च किया वी 60ई

**कोलकाता :** वीवो ने अपने प्रतिष्ठित वी सीरीज़ लाइन-अप में नया जोड़ वीवो वी60ई पेश किया। कला और उन्नत तकनीक के संयोजन के साथ, वी60ई में 200 मेगापिक्सल अल्ट्रा-क्लियर मुख्य कैमरा दिया गया है, जो 85 मिलीमीटर तक के क्लोज़-अप पोर्ट्रेट कैप्चर करने में सक्षम है। इसमें भारत का पहला एआई फेस्टिवल पोर्ट्रेट 2 फीचर भी शामिल है, जो एक शानदार कैमरा अनुभव प्रदान करता है। गीताज चन्नाना, हेड ऑफ कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी, विवो इंडिया ने कहा वीवो में हमारा उद्देश्य ऐसी तकनीक प्रदान करना है जो केवल उन्नत ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत और सार्थक भी महसूस हो। वीवो वी60ई इसी विश्वास का प्रमाण है - इसे इस तरह बनाया गया है कि यह सौंदर्य और महत्वपूर्ण अनुभवों का बेहतरीन संगम पेश करे।

### इंडसइंड बैंक के प्रमोटर आईआईएचएल मॉरीशस ने स्टर्लिंग बैंक

**कोलकाता :** इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल), मॉरीशस, जिसने सितंबर 2022 में स्टर्लिंग बैंक, बहामास में पहले 51% हिस्सेदारी हासिल की थी, ने अब शेष 49% इक्विटी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। यह अधिग्रहण आईआईएचएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, आईआईएचएल (कैपिटल), मॉरीशस के माध्यम से किया गया। इस विकास पर टिप्पणी करते हुए, आईआईएचएल, मॉरीशस के अध्यक्ष, अशोक पी. हिंदूजा ने कहा, यह अधिग्रहण आईआईएचएल को विश्व स्तर पर विस्तार करने, वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ हमारे दशकों के अनुभव को मिलाकर सक्षम बनाता है। यह हमारे शेयरधारकों और ग्राहकों को दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने की हमारी क्षमता को मजबूत करता है।

### लेज़र पावर एंड इन्फ्रा लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**कोलकाता :** कोलकाता मुख्यालय वाली लेज़र पावर एंड इन्फ्रा लिमिटेड (एलपीआईएल), जो पावर केबल्स, कंडक्टर और बिजली ट्रांसमिशन व डिस्ट्रीब्यूशन इंडस्ट्री के लिए विशेष उत्पाद और कंपोनेंट्स की एकीकृत निर्माता है, ने पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। इसके जरिए कंपनी 1,200 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। उठक्क्ष के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 800 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और 400 करोड़ रुपये तक का ऑफ़र फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स में दीपक गोयल, राकी गोयल और देवेश गोयल क्रमशः 225 करोड़ रुपये, 50 करोड़ रुपये और 125 करोड़ रुपये तक के शेयर बेचेंगे। प्रमोटर्स में दीपक गोयल, देवेश गोयल, अक्षत गोयल और राकी गोयल शामिल हैं।

### पेप्सिको इंडिया ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत कोलकाता में प्लॉग रन का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पेप्सिको इंडिया ने 'स्वच्छता ही सेवा' राष्ट्रीय अभियान के समर्थन में कोलकाता स्थित अपने मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में वार्षिक प्लॉग रन का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य जिम्मेदार पैकेजिंग वेस्ट मैनेजमेंट के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पेप्सिको इंडिया की कोलकाता प्लांट हेड जरीन सैयद ने किया। यह आयोजन पेप्सिको इंडिया ने द सोशल लैब और वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के सहयोग से किया। लगातार सातवें वर्ष आयोजित इस प्लॉग रन में 200 से अधिक प्रतिभागियों, जिनमें कर्मचारी, स्वयंसेवक और स्थानीय नागरिक शामिल थे, ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने 3 किलोमीटर दौड़ते हुए करीब 400 किलोग्राम कचरा एकत्र किया, जिसे बाद में अलग कर रीसाइकल किया जाएगा। जरीन सैयद ने कहा कि पेप्सिको इंडिया का उद्देश्य साझा प्रयासों के माध्यम से स्वच्छ, स्वस्थ और जुड़े हुए समुदायों का निर्माण करना है। फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को जोड़ने वाली यह पहल कंपनी की 'पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस' फिलॉसफी को दर्शाती है, जो सतत विकास और जिम्मेदार रीसाइक्लिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### केष्टोपुर नहर में नहाते समय दो बच्चे पांनी में डूबे, एक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन थाना अंतर्गत केष्टोपुर बागजोला नहर में बुधवार को नहाते समय दो बच्चे पांनी में डूब गए। हालांकि, एक बच्चे को बचा लिया गया और अस्पताल में इलाजरत है। मृतक बच्ची का नाम रितु कनाई (5) है। जबकि, प्रियांशु कुमार (12) का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों चंडीपुर इलाके के निवासी हैं। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में रितु और प्रियांशु नहर में नहाने गए थे। पानी में उतरते ही रितु और प्रियांशु डूबने लगे। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रियांशु को बचा लिया। लेकिन, रितु डूब गई। स्थानीय लोग तलाश करते रहे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे बाद उन्होंने रितु की तलाश की और उसे बचा लिया। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# खानाकुल में फिर मंडराया बाढ़ का खतरा, डीवीसी ने छोड़ा 46,850 क्यूसेक पानी

**हुगली :** हुगली जिले के खानाकुल क्षेत्र में एक बार फिर बाढ़ का संकट गहराने लगा है। डीवीसी (दामोदर वैली कॉर्पोरेशन) के जलाशयों से दोबारा पानी छोड़े जाने और लगातार हो रही बारिश से स्थानीय लोग आशंकित हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में खानाकुल और आसपास की नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। जिला प्रशासन सूत्रों के मुताबिक, मैथन और पंचेत से हजारों क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके चलते मुंडेश्वरी और द्वारकेश्वर नदियों का जलस्तर बढ़ने से खानाकुल के जगतपुर, नंदनपुर, बार नंदनपुर,



जगदीशतला, राजहाटी और मारोखाना जैसे कई गांवों में पानी घुस गया है।

जगदीशतला में मायापुर, गढ़ेरघाट राज्य सड़क पर कमर-भर पानी जमा हो जाने से सुबह बस सेवाएं बंद करनी पड़ीं। हालांकि, दोपहर बाद बसों का परिचालन शुरू हुआ, लेकिन टोटो और मोटरसाइकिल जैसी छोटी गाड़ियां अब भी नहीं चल पा रही हैं। नंदनपुर की निवासी अर्चना मंडल ने बताया, सभी खेतों में नदी का पानी भर गया है, जिससे फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई गांव जलमग्न हैं। अगर पानी और बढ़ा तो बस सेवा फिर से ठप हो जाएगी। कुछ महीने पहले ही नदी का बांध टूटने से आरामबाग और खानाकुल के बड़े हिस्से में तबाही मची थी। तब जलस्तर घटने के बाद कुछ इलाकों में मरम्मत का काम हुआ, लेकिन कई जगहों पर कार्य अब भी अधूरा है। अब जब नदी का जलस्तर फिर से बढ़ रहा है, ग्रामीणों को डर है कि इन कमजोर हिस्सों से फिर पानी गांवों में घुस सकता है। आरामबाग महकमा प्रशासन के अनुसार, मंगलवार सुबह डीवीसी ने कुल 46,850 क्यूसेक पानी छोड़ा था। प्रशासन हालात पर नजर रखे हुए है और राहत व बचाव दलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल पानी का स्तर कुछ बढ़ा है, लेकिन अभी यह खतरे के निशान से नीचे है।

# रह-रह कर खाने की आदत छोड़िए


डॉ. सूरज मृदुल

यह तो आप जानते हैं कि समय पर कोई भी काम होता है तो ठीक होता है। इसी से आदमी फलता-फूलता भी है, इसलिए हर आदमी को चाहिए कि वह निश्चित समय पर खाना खाए, निश्चित समय पर टहले। तभी खाया हुआ अन्न शरीर में लगता है जिससे शरीर एवं मस्तिष्क का विकास होता है। इस विकास के बल पर ही आज आदमी चांद व ग्रहों जैसी जगहों पर जाने की योजना बनाता है एवं इसे कार्यरूप में परिवर्तित कर सफल भी हुआ है जिसे देखकर आज दुनियां आश्चर्यचकित है।

प्रायः आप देखते होंगे कि किसी बच्चे या जवान को बार-बार खाने की बुरी लत लग जाती है जिससे उसकी पाचन शक्ति खराब हो जाती है और उसका भोजन ठीक से नहीं पचता। वह जो कुछ भी खाता है, पानी भी पीता है वो नहीं पचता। इस कारण देखते-देखते उसका शरीर गल कर कांटा बन जाता है।

फिर उसे कभी कै, दस्त भी होने लगते हैं जिसके कारण उसे 'डी-हाइडेक्रशन' हो जाता है जिससे उसे कभी-कभी मौत की गोद में भी सोना पड़ता है, अर्थात आपका पेट एक बार खराब हो कर ठीक भी नहीं होता, इसलिए आदमी को चाहिए कि वह नियमित रूप से ही खाना-पीना करे। आदमी अपने जीवन में अगर अनुशासित रहता है तो हर क्षेत्रा में वह सफलता के झण्डे गाड़ता हुआ चला जाता है।

आज प्रायः देखा जाता है कि बम्बई, दिल्ली जैसे महानगरों में आदमी व्यापार या नौकरी करता है तो वह दिन भर कुछ न कुछ खाता-पीता ही रहता है। दुकानदारों के पास तरह-तरह के ग्राहक आते हैं, इसलिए उन्हें नाश्ता, चाय, सॉफ्ट ड्रिंक्स वगैरह न चाहते हुए भी उनके साथ कुछ लेना पड़ता है। फिर जब अपनी दुकान बंद कर घर लौटते हैं, तब अपने पूरे परिवार को लेकर किसी होटल में पहुंच कर रात का डिनर लेते हैं या फिर जब घर लौटते हैं तो मियां-बीबी टहलने निकल जाते हैं जहां रास्ते में चाट पकौड़ी या आइसक्रीम खाने से भी बाज नहीं आते। इस समय ये महाशय खा-पीकर टहलने निकले थे ताकि उनका भोजन अच्छी तरह से पच जाए और अच्छी नींद आए लेकिन वे वहां से भी कुछ न कुछ खाकर लौटते हैं।



इन लोगों की रोज की दिनचर्या इसी तरह की रहती है। इस कारण ऐसे लोगों का पेट प्रायः खराब रहता है एवं शरीर मोटा व बेडौल हो जाता हैं। तब इसे सुधारने के लिए वे वैद्य, हकीम, डॉक्टर के पास दौड़ पड़ते हैं लेकिन अपने खाने-पीने पर थोड़ी भी रोक नहीं लगाते जिससे उनके पेट और मोटापे में कोई सुधार नहीं होता। इसलिए आदमी को चाहिए कि वह नियमित रूप से खाना खाये, तभी वह स्वस्थ रह सकता है।

एक बार शालिनी अपने बच्चों को लेकर एक डॉक्टर के पास पहुंची। वहां उसने कहा, 'डॉक्टर साहब, देखिए न, यह तो कुछ खाता-पीता ही नहीं। चूंकि शालिनी अभी अपने मैके में थी इसलिए लोग उसे और इनके बच्चे को ज्यादा प्यार-ममता दे रहे थे ताकि दामाद बाबू खुश रहें। इस कारण नाना-नानी, मामा-मामी सब इसे खिलाने-पिलाने में लगे रहते हैं। फिर यह बच्चा खूब खाता-पीता भी था लेकिन नाना-नानी, मामा-मामी, सब बस प्यार जताते हुए कहते रहते कि यह तो कुछ खाता-पीता ही नहीं? चूंकि डाक्टर इस तरह की प्रवृत्ति को अच्छी तरह जानता था, इसलिए उसने कहा- आपके पीछे कोई खाना लेकर पड़ा रहे तो आप क्या दिन भर खाती रहेंगी? क्या आपका पेट भरा रहेगा, नहीं।

फिर इस नन्हीं सी जान के पीछे आप लोग क्यों पड़ी रहती हैं? क्या आपके ऐसा करने से आपको बच्चे के प्रति ज्यादा ममता-प्यार उभर उठेगा?

'नहीं ऐसी बात तो नहीं।

फिर आप लोग इसके पीछे क्यों पड़े रहते हैं? इसे आप बिल्कुल छोड़ दीजिए। इसे भूख लगेगी तो यह स्वयं आपसे खाना मांगेगा। मत पड़िए इसके पीछे।

ठीक है, यह कह कर शालिनी लौट पड़ी। डॉक्टर ने मात्र थोड़ा बहुत टॉनिक वगैरह लिखकर खानापूर्ति कर दी थी।

घर लौटकर, शालिनी ने डॉक्टर के बताए नुस्खे के अनुसार दवाई चलाई और नियमित रूप से उसका खाना-पीना करने लगी जिसका परिणाम यह हुआ कि एक दिन उस बच्चे के स्वास्थ्य में अच्छा परिवर्तन हुआ और वह हृष्ट-पुष्ट होकर, पूरी तरह स्वस्थ हो गया। अब वह पढ़ने और खेलने में ज्यादा रूचि लेने लगा था। ऐसी स्थिति देखकर शालिनी का पूरा घर खुश नजर आने लगा था।


अगर आप अपने स्वास्थ्य की सही देख-रेख करना चाहते हैं, स्वस्थ रहकर अपनी उम्र बढ़ाना चाहते हैं तो आपको अपने 'टाइम' का पाबंद होना होगा। इसलिए आप हमेशा 'टाइम' से खाइए, टाइम से सारा काम कीजिए अर्थात सूरज उगने के पहले आप सुबह उठिए, सुबह नित्य कर्म से निवृत्त होने के बाद आप 'मारनिंग वॉक' के लिए चल पड़िए। वहां से लौटकर, थोड़ा व्यायाम और योगासन कीजिए। तब स्नान कर हल्का नाश्ता कीजिए।

फिर आप अपनी दिनचर्या में लग जाइए अर्थात आप अगर नौकरी करते हैं तो नौकरी कीजिए, व्यापार करते हैं तो अपनी दुकान या शो-रूम खोलकर, दुकानदारी कीजिए। दोपहर डेढ़ बजे के आस-पास आप लंच लीजिए। फिर अपने काम में लग जाइए। रात होने पर घर लौट कर अपने परिवार के साथ डिनर लीजिए। इससे आपको एवं आपके पूरे परिवार को खुशी मिलेगी। इसके बाद थोड़ा टहल कर सो जाइए। इस तरह की दिनचर्या को आप अपने जीवन में ढालिए।

इस बीच आप रह-रह कर कुछ भी खाना छोड़ दीजिए। अगर आपको ऐसी विवशता आ भी जाए तो आप निः संकोच होकर अपने अतिथि को कहिए कि आपको डॉक्टर ने ठंडा और चाय पीने की मनाही कर दी है। आप की बात सुनकर उस को दुख भी न होगा और बुरा भी नहीं लगेगा। आप सचमुच अगर ऐसा करते हैं तो निस्संदेह आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा और आपकी आयु भी काफी बढ़ेगी। (स्वा. द.)

# चालीस के बाद कैसे दिखें युवा

विजेन्द्र कोहली



अच्छा स्वास्थ्य हमारे अच्छे आहार विहार का दर्पण होता है। हमारे गलत पथ्यापथ्य के कारण ही शरीर बेडौल हो जाता है, तोंद बढ़ जाती है, गला पफ्फी हो जाता है, सिर के बाल कम हो जाते हैं, चमड़ी पर झुर्रियां पड़ जाती हैं। इसी को तो वृद्धावस्था कहते हैं। जिन्दगी की सक्रियता आपके व्यक्तित्व को निखारती है। कुछ सावधानी व जागरूकता हमारे स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं।

- प्रातः जल्दी उठ कर भ्रमण करें। पेट साफ रखें। पैदल चलें।
- तनाव से दूर रहने का प्रयास करें। आशावादी रहें।
- थोड़ा खाएं, अच्छा खाएं, अधिक जिएं।
- पानी ज्यादा पिएं। लस्सी मट्ठा, जूस, सूप ज्यादा पिएं। वसायुक्त आहार, तले परांठे कम खाएं।
- नशा नाश करता है। कोई भी नशा मत करें।
- मन में जीवन जीने का उत्साह, परिवार का हंसमुख वातावरण, चुस्त जीवन शैली, संकल्प में महाशक्ति होती है। अच्छे विचार और दीर्घ जीवन जीने की आरजू दीर्घजीवी बनाती है।
- रेशेदार भोजन लें, धूप सेवन करें। गर्म जल से स्नान करें। व्यस्त जीवन शैली रखें। रचनात्मक कार्यों में लगे रहें।
- अपनी हाबीज डवल्प करें। नया सीखें। अच्छी किताबे पढ़ें।
- आपका पहनावा अच्छा साफ-सुथरा आपके मन के मुताबिक हो। हेयरस्टाइल ठीक हो। प्रति दिन शेव करें। यदि युवती हैं तो अपने कपड़े सलीके से ही पहनें। चेहरे के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।
- सप्ताह में एक दिन सिर की मालिश और तेल से बदन की मसाज जरूर करें। रक्त का संचार ठीक रहता है।
- आपकी बातचीत करने का ढंग आपके अच्छे व्यक्तित्व, स्वस्थ मन और अच्छे संस्कार होने का परिचायक है। थोड़ा, नपा तुला और ठीक बोलें।
- समय को व्यर्थ बातों में, व्यर्थ चुगली निंदा ईर्ष्या में मत बिताएं। चिंता त्यागे अधिक जिएं।
- हंसे, प्रसन्न रहें। मनोरंजन के लिए वक्त निकालें। हंसमुख स्वभाव वाले बीमार कम होते हैं, उनकी रोग प्रतिरक्षक शक्ति बढ़ जाती है। वे दीर्घजीवी होते हैं।
- एंटी आक्सीडेंट युक्त पोषण लें। च्वयनप्राश, आंवला आपके जीवन का कायाकल्प कर देगा। प्रतिदिन सेवन करें। लहसुन का प्रयोग प्रतिदिन करें।
- पंद्रह दिन में एक बार उपवास करें। शरीर को भी आराम करने दें। आंतरिक अंगों को भी रीचार्ज होने का समय दें।
- सदा अपने आपको उमंग व उत्साह से भरा रखें। अच्छा संगीत सुनें। शास्त्रीय संगीत से जुड़ें। प्रकृति की गोद में रहें। हरी सब्जियां, ताजे फल, ताजा गर्म भोजन लें। चित्त को चिंता मुक्त रखने की कला जानें। मेडिटेशन करें। (स्वा. द.)

# हंसी से संभव है दीर्घायु भी

सीताराम गुप्ता

हंसी से न केवल रोग-मुक्ति तथा अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति संभव है अपितु अधिक हँसने वाले व्यक्ति अपेक्षाकृत दीर्घायु भी होते हैं और इस तथ्य की पुष्टि होती है आधुनिक वैज्ञानिक शोधों से।

अभी हाल ही में वैज्ञानिकों ने कुछ बेसबॉल खिलाड़ियों की उनकी हंसी के आधार पर रैंकिंग की। कुछ खिलाड़ी ऐसे थे जो ख़ूब हंसते थे और जी खोलकर हंसते थे जबकि कुछ खिलाड़ी ऐसे थे जो कभी-कभार हंसते थे लेकिन कुछ खिलाड़ी ऐसे भी थे जो बिलकुल नहीं हंसते थे।



उनकी जीवनावधि का अध्ययन करने पर चौंका देने वाले तथ्य सामने आए। जो खिलाड़ी बिलकुल नहीं हँसते थे उनकी औसत आयु 72.9 वर्ष रही जबकि जो खिलाड़ी ख़ूब हंसते थे, उनकी औसत आयु 79.9 वर्ष पाई गई। कम हंसने वाले खिलाड़ियों की औसत आयु इन दोनों के बीच की अर्थात् 75 वर्ष के लगभग रही। इससे सिद्ध होता है कि हँसना हमारे लिए कितना महत्त्वपूर्ण है। जितना ज़्यादा हंसेंगे, उतनी ही लंबी उम्र पा सकेंगे और वो भी अच्छे स्वास्थ्य के साथ।

हास्य से समय की सीमा मिट सी जाती है। हंसते-हंसते कब और कैसे समय बीत जाता है पता ही नहीं चलता। दिन घंटों में और घंटे मिनटों में गुज़रते प्रतीत होते हैं। एक बार की बात है कि पिंजौर से दिल्ली आ रहे थे। बस में सभी यात्री एक दूसरे से परिचित थे। हंसी-मज़ाक का ऐसा दौर चला कि समय का पता ही नहीं चला।

मेरी चाय पीने की इच्छा हो रही थी। मैंने अपने सहयात्रियों से कहा कि भाई कहीं बस रुकवाकर चाय-वाय तो पिलवा दो तो एक सहयात्री ने कहा, 'सिर्फ दस मिनट और रुको फिर आराम से पीना चाय।'

मेरा अनुमान था कि कम से कम आधा सफर तो अवश्य तय हो चुका होगा। दस मिनट बाद जब बस रुकी तो मुझे यह देखकर बड़ी हैरानी हुई कि हम दिल्ली में हैं। यह हास्य का ही प्रभाव था कि समय के गुज़रने का आभास नहीं हुआ। (स्वा. द.)

# कुछ सावधानियां कंजक्टिवायटिस रोग में



नीतू गुप्ता

- ▲ कंजंक्टिवायटिस होने पर रोगी की आंखों पर बर्फ की पट्टी रखें। यह क्रिया कुछ समय हेतु बार-बार दोहराएं। इससे आंखों को आराम मिलेगा।
- ▲ कंजंक्टिवायटिस होने पर धूप और आंधी में घर से बाहर न निकलें। यदि निकलना भी पड़े तो अच्छी कंपनी का चश्मा पहन कर निकलें।
- ▲ आंखों को अच्छी तरह से ठंडे साफ जल से दिन में आठ-दस बार धोएं। आप ठंडे साफ जल में गुलाब जल भी डाल सकते हैं।
- ▲ रोगी का तौलिया, रूमाल और चश्मा अलग रखें ताकि घर के अन्य सदस्य स्वयं को इससे बचा सकें।
- ▲ आंखों में अधिक खुजली होने पर रात को घड़े में रखे हुए पानी से आंख धोएं। खुजली में राहत मिलेगी।
- ▲ आंखों में अधिक लाली और सूजन होने पर डॉक्टर से सलाह लें। डॉक्टरी परामर्श के अनुसार आंखों में आई ड्राप्स और क्रीम का प्रयोग करें।
- ▲ जिस आई ड्रापर से रोगी को दवा डालें, ठीक होने पर वह ड्रापर फैंक दें। दूसरे रोगी को उसी ड्रॉपर से दवा न डालें।
- ▲ रोगी के परिवार के अन्य सदस्यों को भी अपनी आंखें दिन में तीन चार बार साफ ठंडे पानी से धोते रहना चाहिए।
- ▲ सुबह नहाने के बाद और रात को सोने से पहले आंखों में दो दो बूंद गुलाबजल की डालें।
- ▲ प्रभावित व्यक्ति को टी. वी., पढ़ाई-लिखाई से दूर रहना चाहिए ताकि जल्दी आराम मिल सके।
- ▲ जब भी दवा या गुलाब जल आंखों में डालें, हाथ अच्छी तरह से धो लें।
- ▲ धुएं से अपनी आंखों को बचा कर रखें।
- ▲ आंखों को बार-बार मसलें (रगड़े) नहीं। ऐसा करने से आंखों में जख्म हो सकते हैं। (स्वा. द.)

# शाकाहार सर्वोत्तम आहार है

अनोखी लाल कोठारी

भारतीय संस्कृति में शाकाहार को सर्वोत्तम आहार माना गया है। शाकाहार शरीर को निरोग रखता है, जीवन को भी श्रेष्ठ बनाता है। शाकाहार से मन और बुद्धि निर्मल व पवित्रा बनते हैं। जीवन भी सात्विकता के कारण सरलता और सहजता का पर्याय बन जाता है। शाकाहार नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक उन्नति की ओर प्रवृत्त करता है।

शाकाहार हमें स्वस्थ जीवनशैली प्रदान करता है। पर्यावरण का संरक्षण करता है। आपसी प्रेम एवं मैत्री भाव को बढ़ाता है। दूसरे के दुःख को समझने की मानवीय प्रकृति का विकास करता है और क्षमा आदि श्रेष्ठ गुणों का विकास करता है। शाकाहार शक्ति, बुद्धि और स्वास्थ्य प्रदान करता है।

मांसाहार के प्रतिकूल प्रभावः- मांसाहार स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त हानिकारक है। शरीर के अवयवों, प्रणालियों एवं तंत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मांस अपने तामसिक गुणों के कारण मनुष्य को कामी, क्रोधी, तामसिक प्रवृत्ति, दुस्साहसी, उतावला, संवेदनशील तथा निर्मम बना देता है। मांस जिगर में विटामिन बी-12 उत्पन्न करने पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। परिणाम स्वरूप रक्ताल्पता का रोग हो जाता है।

मांस में अनेक ऐसे तत्व होते हैं जो मानव शरीर स्वीकार नहीं करता। ये तत्व शरीर में पाचन संबंधी रोग उत्पन्न करते हैं। मांस में कैल्शियम और कार्बोहाइडेक्रट्स की कमी है। इस कारण यह पेट में पहुंच कर सड़ता है जिससे कीटाणु उत्पन्न होते हैं और गैस संबंधी भयानक बीमारियां पैदा हो जाती हैं जो क्रोधी, असाहिष्णु और चिड़चिड़ा बना देती हैं। मांस में यूरिक एसिड नामक विष होता है जो खून में मिलकर दिल की जलन, हिस्टोरिया, सुस्ती, टी बी, सांस के रोग, खून की कमी और अजीर्ण जैसी बीमारियां पैदा करता है।

प्रकृति ने मनुष्य को शाकाहारी बनाया है जो कि मनुष्य की शारीरिक रचना और प्रकृति से सिद्ध है। प्रकृति ने मांसाहारी प्राणियों के आगे के दांत नुकीले और मुड़े हुये बनाये हैं जिससे वे शिकार को आसानी से पकड़कर फाड़कर खा सकें। शाकाहारी प्राणियों के दांत ऐसे नहीं होते हैं जैसे गाय, घोड़ा और मनुष्य। मांसाहारी प्राणी जीभ से पानी पीते हैं, शाकाहारी प्राणी मुंह से खींचकर पानी पीते हैं। मांसाहारी प्राणी खूंखार प्रकृति के होते हैं, शाकाहारी प्राणी शांत स्वभाव के होते हैं। दोनों के पाचन तंत्रों में पर्याप्त अन्तर होता है।

उपरोक्त सभी तथ्यों के आधार पर यह सिद्ध है कि शाकाहारी भोजन ही मनुष्य की प्रकृति के अनुकूल है। वह उसे शांतिप्रय, विवेकशील, सहिष्णु, परिश्रमी, धैर्यवान व बुद्धिमान बनाता है, साथ ही वे सभी पोषक तत्व प्रदान करता है जो शरीर को बलवान, स्वस्थ एवं निरोग बनाते हैं, अतः हम जीवन में शाकाहार को अपनायें और जीवन को सफल बनायें। दूसरे को भी शाकाहारी बनने की प्रेरणा दें। स्वयं जिएं और दूसरों को भी जीने का अधिकार दें। (स्वा. द.)

# लापरवाही न बरतें जब सांस लेने में हो परेशानी

सुनीता गाबा


एक बीमारी है सांस लेने में तकलीफ होना। हमें अगर अपने या बच्चे के लिए कभी भी महसूस हो कि सांस लेना मुश्किल हो रहा है तो हमें तुरंत उसका इलाज करवाना चाहिए। लापरवाही बरतना नुक्सानदेह साबित हो सकता है।

कई बार सांस लेने में तकलीफ उन लोगों को भी होती है जिन्हें हाइपरटेंशन और ब्रोंकाइटिस हो। अस्थमा वाले रोगियों को तो यह शिकायत काफी होती है। सांस लेने में तकलीफ फॉग या स्मॉग के कारण भी होती है। अक्सर फेफड़े सर्दियों में सिकुड़ जाते हैं। इससे ऑक्सीजन हमारे खून में सही से नहीं पहुंच पाती और सांस लेने में तकलीफ होती है।

## किन्हें होती है अधिक समस्या

- ✒ हाइपरटेंशन वाले लोगों को।
- ✒ जिन लोगों को चेस्ट में लगातार इंफेक्शन रहता हो।
- ✒ ब्रोंकाइटिस वाले रोगियों को।
- ✒ या फिर जिन्हें अस्थमा हो।
- ✒ इसके लक्षण क्या है
- ✒ खांसी का लगातार बने रहना।
- ✒ बलगम का निकलना
- ✒ छाती में जकड़न होना।
- ✒ गले में दर्द का बना रहना।
- ✒ तेज बुखार का होना, शरीर दर्द और सिर में दर्द होने से।
- ✒ चलते वक्त या काम करते समय सांस का फूलना।
- ✒ किसी भी बीमारी का लगातार बने रहने से और उसका सही इलाज न करने से भी सांस फूलती है।

## बचाव



- ✒ व्यक्तिगत सफाई का विशेष ध्यान रखें। कुछ अंतराल में अपने हाथ मुंह साफ पानी से धोते रहें। साफ रूमाल या हैंड टॉवल का प्रयोग करें।
- ✒ सैर जाने से पहले पानी का सेवन करें। अगर बाहरी ठंडी हवा है या सर्दी है तो सिर, गला, कान ढक कर जाएं।
- ✒ दमा रोगियों को इनहेलर हमेशा साथ रखना चाहिए।
- ✒ बाहर निकलते समय अपनी नाक और मुंह को ढंक लें ताकि बाहरी प्रदूषण सीधा आपके अंदर प्रवेश न कर पाये। अगर प्रदूषण कण आपकी सांस के साथ अंदर चले जाएंगे तो आपको सांस लेने में तकलीफ अधिक होगी।
- ✒ प्रातः और शाम गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारे करें।
- ✒ कुछ भी तैलीय भोजन खाने के पश्चात् गुनगुना पानी पिएं। इससे गले में तेल के तत्व पेशाब या बलगम के साथ बाहर निकल जाएंगे।
- ✒ सब्जियों का सूप पिएं। ताजे फल और सब्जियों का सूप पिएं। ताजे फल और सब्जियां खाएं। विटामिन सी का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें जिससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे।
- ✒ अस्थमा और ब्रोंकाइटिस वाले रोगी प्रातः धूप निकलने के बाद बाहर निकलें।
- ✒ पानी का सेवन अधिक करें ताकि विषैले तत्व यूरीन के साथ बाहर निकल जाएं। हो सके तो सर्दियों में पानी गुनगुना पिएं।
- ✒ प्रातः पहली चाय तुलसी, अदरक वाली पिएं, अधिक तबियत खराब होने पर तत्काल डॉक्टर से जांच करवाएं। (स्वा. द.)

# सेहत की खबरें

सिद्धार्थ शंकर

## महिलाओं को हृदय रोगों से बचाते हैं मेवे

नए प्रयोगों से पता चला है कि जो महिलाएं अपने रोजमर्रा के खानपान में अक्सर गिरीदार फलों जैसे अखरोट, बादाम, आदि को शामिल करती हैं, उन्हें हृदय धमनी रोग होने का खतरा बहुत कम रहता है। 14 सालों तक चले एक अमेरिकी अध्ययन में 34 से 59 वर्ष तक की 80 हजार महिलाओं को शामिल किया गया। 14 सालों तक लगातार इन महिलाओं की पूरी मेडिकल जांच की जाती रही।

बाद में पता चला कि जो महिलाएं हर हफ्ते लगभग 150 ग्राम गिरीदार मेवों का इस्तेमाल करती थी, उन्हें इस्तेमाल न करने वाली महिलाओं को हर माह लगभग 30 ग्राम गिरीदार मेवों का इस्तेमाल करने वाली महिलाओं के मुकाबले हृदय धमनी रोग होने का खतरा करीब 35 फीसदी कम रहता है।

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन से प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि गिरीदार मेवों का इस्तेमाल करने से हार्ट अटैक से मरने का खतरा कम हो सकता है। इस अध्ययन के तहत 22 हजार पुरूष डॉक्टरों पर 11 साल तक निगरानी रखकर बारीकी से जांच-परख की गई और नतीजे प्राप्त किए गए। कहा जाता है कि गिरीदार मेवे रक्त में वसा पर अनुकूल प्रभाव डालते हैं। इसके अलावा ये कोलेस्ट्रॉल और हानिकारक एल. डी. एल कोलेस्टॉल के स्तरों को कम कर देते हैं। आमतौर से गिरीदार मेवों में पोषक तत्व पाए जाते हैं। इनमें शामिल हैं विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, फाइबर, (रेशा) और पोटेशियम।

## मोटे लोगों को पिता बनने में अड़चन

हाल ही में अमेरिकी विज्ञानियों ने एक अध्ययन के बाद बताया है कि मोटे लोगों के पिता बनने की संभावना कम रहती है। अटलांटा स्थित एक निजी आईवीएफ क्लीनिक के डॉ. रॉडबुश ने 500 व्यक्तियों के वीर्य का परीक्षण कर यह निष्कर्ष निकाला। उनका कहना है कि बॉडी मास इंडेक्स वजन और लंबाई के हिसाब से शरीर में मौजूद वसा की माप और वीर्य की मात्रा व गुणवत्ता में सीधा संबंध है।

यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड के विज्ञानी प्रो. हैरी मूर ने बताया कि मोटे लोगों में स्पर्म काउंट सामान्य से नीचे चला जाता है जिससे अंडाणु निषेचित नहीं हो पाता। अगर आईवीएफ तकनीक के जरिये अंडाणुओं को निषेचित कर भी दिया जाए तो गर्भपात की आशंका रहती है। सेन एंटोनियों में अमेरिकन सोसायटी फॉर रिप्रोडक्टिव मेडिसिन की सालाना बैठक में विज्ञानियों ने कहा कि उनके शोध परिणाम से अब स्पष्ट हो गया है कि पुरूषों में नपुंसकता क्यों बढ़ रही है।

## याददाश्त तेज होती है जामुन और पालक से

एक समाचार के अनुसार जामुन और पालक खाने से याददाश्त बढ़ती है। वैज्ञानिकों ने पालक और जामुन के इस गुण और प्रभाव को जानने के लिए ज्यादा उम्र के चूहों को पालक और जामुन से बना आहार प्रयोगिक तौर पर दिया। नतीजतन चूहों की घटी हुई याददाश्त फिर से बढ़ने लगी। वैज्ञानिकों ने जानबूझकर वृद्ध चूहों का चुनाव किया था क्योंकि बुढ़ापे में याददाश्त घटना आम बात होती है और ऐसा दिमागी कोशिकाओं की क्षमता घटने से होता है।

पालक और जामुन में याददाश्त बढ़ाने की क्षमता शायद उनमें मौजूद एंटी आक्सीडेंट्स खासतौर से फ्लेवोनॉयड्स की वजह से ही सकती है। फ्लेवोनॉयडस में प्रदाह कम करने की कूवत होती है। इसी प्रदाह के चलते उम्र बढ़ने के साथ-साथ ब्रेनटिश्यू कमजोर हो जाते हैं। इसके अलावा जामुन और पालक को आयुरोधी के रूप में भी जाना जाता है। पालक के मूत्रावर्धक गुणों की वजह से गर्मी के दिनों में इसका सेवन करने से पेशाब में जलन, मूत्रामार्ग में इंफेक्शन आदि की समस्याओं से भी बचा जा सकता है।

## सूप पियें, मोटापा घटाएं

नई खोजों से पता चला है कि रात के भोजन के पहले एक कप सूप पीने से कई किलो वजन आसानी से कम किया जा सकता है। यह सूप सब्जियों का बना होता है। सब्जियों के बहुत सारे टुकड़े करके उनका सूप बनाया जाता है। सूप बनाने का तरीका वही है जैसा आमतौर पर बनाया जाता है। यदि इस उपाय पर अमल किया जाए और रोजाना सोने के पूर्व 20 मिनट टहला जाए तो एक वर्ष में मोटे लोगों का 10 किलो वजन कम हो सकता है। बाजारू खान पान के बजाय आप यदि रोज रात को इस तरह का सूप लेते हैं तो आपको अन्य पोषक तत्व भी आसानी से मिल जाते हैं जिनकी आपके शरीर को जरूरत है।

इससे भूख भी शांत होती है और शरीर में कमजोरी भी नहीं आती। पानी पीने के बजाय सब्जियों का यह सूप पीने से यह धीरे-धीरे पचता है। कम कैलोरी वाले फल, जैसे सेब, तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, सलाद आदि भी आप भोजन के पहले खा सकते हैं ताकि भोजन से ही पेट न भरना पड़े।

## हार्ट अटैक से बचाता है पानी

लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी में किए गए एक अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार पानी भरपूर पीने से हार्ट अटैक का खतरा 54 प्रतिशत कम हो जाता है। यदि पानी की जगह फलों का जूस, सोडा व दूध पिया जाए तो अटैक का खतरा बढ़ जाता है। यह तो सभी को पता होगा कि शरीर में 72 प्रतिशत भाग पानी होता है। यह खून को पतला रखने का काम करता है।

पानी भरपूर पीने से खून के थक्के नहीं जम पाते। इसके विपरीत जूस, दूध व अन्य पेय खून को गाढ़ा करते हैं, इस कारण अटैक का खतरा बढ़ जाता है। अमेरिकन जर्नल इपिडिमायोलॉजी में कहा गया है कि अन्य पौष्टिक पेय हजम होने के लिए पेट से पानी ले लेते हैं, इस कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है। इसके विपरीत यदि इनके साथ पानी भी भरपूर पिया जाए तो रक्त गाढ़ा नहीं होने पाता। (स्वा. द.)

# लो ब्लडप्रेशर काबू करें उचित खान पान से




सुनीता गाबा

वैसे ब्लडप्रेशर साधारण से थोड़ा कम रहना तो अच्छा है पर अधिक कम रहना कभी-कभी खतरनाक भी हो सकता है। वैसे यह कोई बीमारी नहीं है। जो लोग अनियमित भोजन करते हैं, पौष्टिकता की कमी हो भोजन में, इन्हीं कारणों से ब्लड प्रेशर लो होता है।

इसमें खान पान में कुछ परहेज विशेष नहीं होता। बस आवश्यकता होती है क्वालिटी फूड की और सही मात्रा की। ऐसे लोग खूब खाएं और मस्त रहें।

लो बी. पी वालों को दिन में एक-दो कप चाय या कॉफी के ले लेने चाहिए। इसके सेवन से फौरन राहत मिलती है क्योंकि चाय और कॉफी में टेनिन और निकोटिन ब्लड प्रेशर बढ़ा देता है। इसका सेवन सीमित मात्रा में जरूरत होने पर करें।

पौष्टिक संतुलित आहार लें। तीन मुख्य आहार और दो बार हल्के फुल्के स्नैक्स, तीन घंटे के अंतराल में कुछ हल्का लें। स्प्राउटस, दालें, काले चने भुने और सब्जी वाले), फल, सब्जियां, सूखे मेवे नियमित लें। अपनी डाइट सुधार कर आप बी पी के उतार चढ़ाव से बच सकते हैं।

खजूर, केला, कालीमिर्च, केसर, आदि भी ले सकते हैं।

पानी खूब पिएं।

सूर्य भेदी, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, कुछ आसन अवश्य करें ताकि खून का प्रवाह ठीक बना रहे और खाया हुआ पच जाए।

सोडियम लेवल चेक करवा लें। अगर सोडियम लेवल कम है तो डॉक्टर से पूछकर आहार में नमक की मात्रा कितनी और कैसी बढ़ाई जाए, जानकारी लें। (स्वा. द.)

## न्यूज इन ब्रीफ

### केंद्र ने ओटीटी मंचों के लिए सामग्री से संबंधित दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने बुधवार को ओटीटी मंचों के लिए दिशानिर्देश जारी किए, जिसके तहत कैप्शन, ऑडियो विवरण और भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) व्याख्या जैसी सुविधाओं के माध्यम से श्रवण और दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए ऑनलाइन सामग्री तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। सरकार ने बुधवार को 'कंटेंट एक्सेसिबिलिटी' संबंधी दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया, जिसके तहत ओटीटी मंचों के लिए ऐसे लोगों के लिए निर्धारित सुविधाओं की सूची में कम से कम एक को शामिल करना अनिवार्य है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने दिशानिर्देशों पर हितधारकों और आम जनता से टिप्पणियां मांगी हैं। टिप्पणियां 22 अक्टूबर तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। एक बार अधिसूचित होने के बाद, ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंच दो वर्षों की अवधि में दो चरणों में दिशानिर्देशों को लागू करेंगे।

### अमित शाह अब जोहो मेल का करेंगे इस्तेमाल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को घोषणा की कि उन्होंने अपना ईमेल पता बदल दिया है और अब वह ज़ोहो सर्च इंजन के ईमेल पर उपलब्ध होंगे। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक संदेश में अपने नये ईमेल पते की जानकारी दी है। उन्होंने कहा, ''मैं अब जोहो मेल पर उपलब्ध रहूंगा। कृपया मेरे ईमेल पते में हुए बदलाव पर ध्यान दें।'' उन्होंने अपना नया ईमेल एड्रेस बताते हुए संदेश में कहा कि भविष्य में उनके साथ मेल द्वारा पत्राचार करने के लिए नए ईमेल पते का इस्तेमाल किया जाए।

### केदारनाथ यात्रा में अब तक पहुंचे 16.56 लाख श्रद्धालु, बना नया रिकॉर्ड

**देहरादून :** मानसून में बारिश और आपदाओं के कारण धीमी पड़ी चारधाम यात्रा ने अब फिर रफ्तार पकड़ ली है और बुधवार तक केदारनाथ यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की संख्या एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए 16 लाख 56 हजार के पार पहुंच गयी । पिछले कुछ दिनों से उत्तराखंड के उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी तथा निचले इलाकों में बारिश हो रही है लेकिन उसके बावजूद तीर्थयात्रियों का उत्साह बना हुआ है । यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार केदारनाथ धाम में बुधवार को 5614 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और इसी के साथ इस साल अब तक बाबा केदार के धाम आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 16 लाख 56 हजार 539 हो गयी जबकि अभी धाम के कपाट बंद होने में 14 दिन का समय बचा है। इससे पहले 2024 में पूरे यात्राकाल में 16 लाख 52 हजार 76 यात्री केदारनाथ आए थे। केदारानाथ के कपाट 23 अक्टूबर को भैयादूज के अवसर पर बंद होंगे। इसी प्रकार, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है।

### हिमाचल भूस्खलन: एक और शव मिलने के बाद मृतकों की संख्या 16 हुई, बचाव अभियान समाप्त

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में एक निजी बस के भूस्खलन की चपेट में आने से संबंधित घटना में बुधवार सुबह एक बच्चे का शव मिलने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तलाश व बचाव अभियान खत्म कर दिया गया है। हादसा मंगलवार शाम बर्थिन के पास भालुघाट क्षेत्र में हुआ, जब पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा बस पर गिर पड़ा। मंगलवार रात तक 15 शव मलबे से निकाले जा चुके थे। बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया, अब तक कुल 16 शव बरामद किए गए हैं जबकि दो बच्चों को सुरक्षित निकाला गया है। बचाव दलों ने पूरे क्षेत्र की तलाशी ली और मलबे को भी तोड़कर देखा ताकि कोई व्यक्ति फंसा न रह जाए। उन्होंने बताया कि किसी और व्यक्ति के फंसे होने की जानकारी नहीं मिली, इसलिए बचाव कार्य समाप्त कर दिया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19,650 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के पहले चरण का बुधवार को उद्घाटन किया। उन्होंने इसे विकसित भारत की एक झलक बताया, जो मुंबई क्षेत्र को एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी केंद्र बनाने में मदद करेगा। एनएमआईए का पहला चरण 19,650 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है और दिसंबर में चालू हो जाएगा। यह देश का सबसे बड़ा 'ग्रीनफील्ड' हवाई अड्डा है। इससे पहले, मोदी को लेकर विमान दोपहर करीब 2.40 बजे नए हवाई अड्डे पर उतरा। यह मुंबई क्षेत्र का दूसरा हवाई अड्डा है। कुल 1,160 हेक्टेयर में फैले इस हवाई अड्डे में पहले चरण में एक टर्मिनल और एक रनवे होगा, जिसकी वार्षिक यात्री क्षमता दो करोड़ होगी। मोदी ने विमानन परियोजना का उद्घाटन करने के बाद




कहा, मुंबई का लंबा इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि शहर को अब अपना दूसरा हवाई अड्डा मिल गया है, जिससे महाराष्ट्र के किसानों को यूरोप और अमेरिका के सुपरमार्केट से जुड़ने में भी मदद मिलेगी। यह परियोजना वर्षों से बन रही थी और इसमें कई बार देरी हुई। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि यह हवाई अड्डा मुंबई महानगर क्षेत्र को एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कुल 1,160 हेक्टेयर में फैला यह नया हवाई अड्डा भारत की विमानन क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और मुंबई के मौजूदा छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारी यातायात के बोझ को कम करेगा। उन्होंने मौके पर उप-स्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, यह एक ऐसी परियोजना है जिसमें विकसित भारत की झलक दिखती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हवाई अड्डा नए निवेश को आकर्षित करेगा और रोज़गार के नए अवसर पैदा करेगा। मोदी ने देश के विमानन क्षेत्र के विकास का उल्लेख करते हुए बताया कि 2014 से उनके नेतृत्व में यह किस प्रकार विकसित और विस्तारित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, जो विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है, में 2014 में सिर्फ 74 हवाई अड्डे थे, लेकिन पिछले 11 वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 160 से अधिक हो गई है। इससे यह संकेत मिलता है कि उनकी सरकार इस प्रमुख क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

### प्रधानमंत्री ने मुंबई मेट्रो लाइन-3 के अंतिम चरण का उद्घाटन किया; सेवाएं आज से शुरू होंगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आचार्य अत्रे चौक और कफ परेड के बीच मुंबई मेट्रो लाइन-3 के अंतिम चरण का उद्घाटन किया, जो शहर के बुनियादी ढांचे के विकास में एक बड़ी उपलब्धि है। कुल 10.99 किलोमीटर लंबे फेज 2बी खंड के उद्घाटन के साथ, मुंबई का पहला पूर्ण भूमिगत मेट्रो कॉरिडोर बृहस्पतिवार से चालू हो जाएगा। यह कॉरिडोर कुल 33.5 किलोमीटर का है, जिसे एक्वा लाइन के रूप में जाना जाता है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के 'स्लीपर सेल मॉड्यूल' पर नकेल कसने के लिए कई जगहों पर छापे मारे

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकवादी संगठनों के 'स्लीपर सेल मॉड्यूल' पर नकेल कसने के अपने प्रयासों के तहत बुधवार को घाटी में कई स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि एसआईए ने कश्मीर घाटी के सात जिलों में आठ स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी पुलिस थाना सीआई/एसआईए कश्मीर में दर्ज प्राथमिकी क्रमांक 01/2025 की जारी जांच के तहत की गई। उन्होंने बताया कि यह मामला प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकवादी कमांडरों के इशारे पर घाटी में सक्रिय 'स्लीपर सेल मॉड्यूल' से संबंधित है। अधिकारियों ने कहा, इस मॉड्यूल का उपयोग अलगाववादी दुष्प्रचार फैलाने के लिए किया जाता है, जिससे युवाओं को कट्टरपंथी बनाया जाता है और उन्हें आतंकवादी गुट में भर्ती किया जाता है। यह तलाशी अभियान घाटी के सभी तीन पुलिस क्षेत्रों उत्तर, मध्य और दक्षिण कश्मीर के सात जिलों में एक साथ चलाया गया। अधिकारियों ने बताया, छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है और संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## सीबीआई ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई, करीब 40 स्थानों पर मारे छापे

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय 'डिजिटल अरेस्ट' के संबंध में कई राज्यों में 40 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नौ पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर एक विस्तृत प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि इन पीड़ितों से कथित तौर पर 4.5 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, केरल और पश्चिम बंगाल में की गई। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय के साइबर अपराध निरोधक निकाय 'आई4सी' से शिकायत प्राप्त होने पर, सीबीआई ने पीड़ितों को ठगने के लिए इस्तेमाल किए गए 15,000 से अधिक आईपी पते, खातों और दूरसंचार चैनलों का विश्लेषण किया और धोखाधड़ी को अंजाम देने वाले 40 साइबर अपराधियों का पता लगाया। केंद्रीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''तलाशी अभियान के दौरान, सीबीआई ने एक व्यापक घरेलू सुविधा नेटवर्क का पता लगाया है, जो बैंक खाते मुहैया कराने और अपराध की आय को खपाने और लेनदेन के लिए हवाले के लिए समानांतर रास्ता बनाने में संलिप्त था।'' सीबीआई जांच के दौरान पाया गया कि अपराध से प्राप्त धन का एक हिस्सा भारत में निकाला जाता था, जबकि शेष धन को विदेशी एटीएम से निकालने के लिए विदेश भेज दिया जाता था। बयान में कहा गया, ''पंद्रह हजार से अधिक आईपी पतों के विश्लेषण से खुलासा हुआ है कि 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी के अपराधी कंबोडिया सहित विदेशी स्थानों से परिचालन कर रहे थे, और अपराध की आय को खपाने और एकीकृत करने के लिए भारतीय खाताधारकों का उपयोग कर रहे थे।''

## केंद्र सरकार ने भोजपुरी गायक पवन सिंह को वीआईपी सुरक्षा घेरा प्रदान किया

**नयी दिल्ली :** खुफिया रिपोर्टों में भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह को खतरों की आशंका जताए जाने के मद्देनजर उन्हें 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा शाखा को यह कार्य सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि 39 वर्षीय सिंह को केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रदान की गई है। मंत्रालय ने बिहार विधानसभा चुनावों से पहले सिंह को संभावित खतरों पर एक खुफिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया था। बिहार में सिंह के आवागमन के दौरान लगभग चार सशस्त्र कमांडो उनकी सुरक्षा में रहेंगे। राज्य में 6 नवंबर और 11 नवंबर



को दो चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। कुछ दिन पहले, सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और भाजपा के सहयोगी उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात की, जिससे ये अटकलें तेज हो गईं कि चुनाव से पहले उनके बीच सुलह हो सकती है। गायक को पहली बार भाजपा ने 2024 के आम चुनाव में पश्चिम बंगाल के आसनसोल निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा था।

## जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर निगरानी बढ़ने से घुसपैठ में कमी आई: बीएसएफ

**श्रीनगर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों की सतर्कता और आधुनिक निगरानी उपकरणों के इस्तेमाल के कारण पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशें नाकाम रही हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) अशोक यादव ने कहा कि खुफिया जानकारी है कि आतंकवादी नियंत्रण रेखा के दूसरी ओर 'लॉन्च पैड' (आतंकवादी ढांचों) पर इंतजार कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद नियंत्रण रेखा पर स्थिति के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यादव ने संवाददाताओं से कहा, ''बीएसएफ और सेना ने सतर्कता और आधुनिक निगरानी उपकरणों के इस्तेमाल से नियंत्रण रेखा पर जिस तरह से दबदबा बनाया है, उससे यह सुनिश्चित हुआ कि घुसपैठ के प्रयास सफल नहीं हुए।'' उन्होंने कहा, ''सर्दी आने में लगभग दो महीने बाकी हैं इसलिए वे (आतंकवादी) कोशिशें करते रहेंगे लेकिन क्षेत्र पर हमारे प्रभुत्व के जरिए हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस प्रकार के हर प्रयास का पता लगाया जाए और उसे निष्प्रभावी किया जाए।'' यादव ने 'लॉन्च पैड' पर मौजूद आतंकवादियों की संख्या के बारे में पूछे जाने पर कहा कि संख्या समय-समय पर बदलती रहती है। उन्होंने कहा, ''लॉन्च पैड पर मौजूद सभी आतंकवादी विदेशी हैं।

### पूर्व मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने बिहार विधानसभा से दिया इस्तीफा, भाजपा में शामिल होने की अटकलें

**पटना :** पूर्व मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के अनुसार, उनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलें तेज हैं। बिहार विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, ''रोहतास जिले की सुरक्षित चेनारी विधानसभा सीट, विधायक मुरारी प्रसाद गौतम के त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हो गई है।'' गौतम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देने के पीछे कोई विशेष कारण नहीं है। मैंने बस इस्तीफा दे दिया है।''

## हिमंत की पत्नी ने विधायक अखिल गोगोई के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा ने बुधवार को रायजोर दल के प्रमुख अखिल गोगोई के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया। अखिल गो-गोई ने आरोप लगाया था कि रिनिकी शर्मा की एक कंपनी ने सिंगापुर में आयोजित ''नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल'' में हिस्सा लिया था, जहां गायक जुबिन गर्ग की मृत्यु हो हुई थी। रिनिकी ने शिवसागर के विधायक के खिलाफ कामरूप मेट्रो के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में मामला दर्ज कराया है। रिनिकी के अनुसार उन पर झूठा और निराधार आरोप लगाया गया कि 'गोल्डन थ्रेड्स ऑफ असम' ने सिंगापुर में आयोजित एक फैशन शो में भाग लिया था। उनके वकील किशोर दत्ता ने यहां बताया कि गोगोई के अलावा, समाचार पोर्टल 'प्रतिबिंब लाइव' के निदेशक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। दत्ता ने कहा कि रिनिकी और उनकी कंपनी का इस महोत्सव या इसके आयोजक से कोई संबंध नहीं है और उन्होंने किसी भी कार्यक्रम में भाग नहीं लिया।

## छत्तीसगढ़ में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, उनमें नौ पर 48 लाख रुपये का इनाम

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बुधवार को 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से नौ पर कुल 38 लाख रुपये का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि सात महिलाओं समेत 16 नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया । उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण कर रहे नक्सली खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा, निर्दोष आदिवासियों पर नक्सलियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों से निराश हैं। गुरिया ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में सैन्य



प्लाटून के डिप्टी कमांडर पोदिया मरकाम उर्फ रतन (34) भी शामिल है, जिस पर आठ लाख रूपए का इनाम है। उन्होंने बताया कि बड़े नक्सलियों-- मनोज दुग्गा (35), सुमित्रा उर्फ सनी कुर्साम (35) और वनीला फरसा (35), डिविजनल कमेटी के सदस्य गावड़े उर्फ दिवाकर (45) पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में एरिया कमेटी सदस्य बुधु उर्फ कमलेश उसेंडी (32) पर पांच लाख रुपये का इनाम तथा मड्डा कुंजाम (21), रवि उर्फ गोपाल वड्डे (23) और कारे कोर्राम (23) पर एक-एक लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने बताया कि बाकी छह अन्य प्रतिबंधित संगठन के निचले स्तर के सदस्य है।

## वायुसेना प्रमुख ने वायु योद्धाओं को वीरता पदक प्रदान किये

**हिंडन (गाजियाबाद) :** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बुधवार को कई वायु योद्धाओं को सैन्य सम्मान प्रदान किए, जिनमें 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले एक सार्जेंट को मरणोपरांत दिया गया वीरता पदक भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 93वें वायुसेना दिवस पर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित हिंडन एयर बेस पर आयोजित एक समारोह में वायुसेना प्रमुख ने वायु योद्धाओं को विभिन्न श्रेणियों में कुल 97 पदक और छह यूनिट प्रशस्ति पत्र (यूनिट सिटेशन) प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें युद्ध सेवा पदक – जो युद्ध और संघर्ष के समय में परिचालन संदर्भ में उच्च स्तर की विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है; वायुसेना पदक (वीरता), वायुसेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) और विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। वायु सेना पदक (वीरता) अद्भुत साहस के प्रदर्शन के लिए दिया जाता है।



## पहले 60 करोड़ रु जमा कराएं, फिर आवेदन पर विचार करेंगे: अदालत ने शिल्पा, कुंद्रा से कहा

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति की ओर से विदेश यात्रा की अनुमति के अनुरोध संबंधी दायर याचिका पर तभी विचार करेगा जब वे 60 करोड़ रुपये जमा कराएंगे। शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ 14 अगस्त को जुहू पुलिस थाने में व्यवसायी दीपक कोठारी (60) से ऋण एवं निवेश करार के तहत लगभग 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने इस मामले में अपनी जांच के सिलसिले में कुंद्रा का बयान दर्ज किया था और इससे पहले अभिनेत्री और उनके पति के खिलाफ



'लुकआउट सर्कुलर' जारी किया था। कोठारी ने दंपती के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 2015 से 2023 के बीच, उन्होंने उन्हें अपनी कंपनी बेस्ट डील टीवी प्राइ-वेट लिमिटेड में 60 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए प्रेरित किया था, लेकिन इस राशि का इस्तेमाल अपने निजी लाभ के लिए किया।

## जुबिन की मौत के मामले में उनके चचेरे भाई एवं असम के डीएसपी संदीपन गर्ग गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** गायक जुबिन गर्ग की पिछले महीने सिंगापुर में मौत होने के मामले में उनके चचेरे भाई और असम पुलिस के डीएसपी संदीपन गर्ग को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कामरूप मेट्रोपोलिटन जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने डीएसपी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। राज्य पुलिस के अनुसार, डीएसपी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश और लापरवाही से मौत का आरोप शामिल है। जुबिन 19 सितंबर को



सिंगापुर में समुद्र में तैरने के दौरान डूब गए थे। घटना के वक्त उनके चचेरे भाई संदीप एक नौका में उनके साथ थे। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमने संदीपन गर्ग को गिरफ्तार किया है। अब हम आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं कर रहे हैं।''

## पूर्व पुलिस आयुक्त ने सीजेआई गवई की ओर जूता उछालने वाले वकील की प्रशंसा की

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के पूर्व पुलिस आयुक्त एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता भास्कर राव ने प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई की ओर जूता उछालने वाले अधिवक्ता राकेश किशोर की प्रशंसा की है। हालांकि, आलोचना होने के बाद राव ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के लिए माफी मांग ली। राव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मंगलवार को एक पोस्ट में कहा था, ''भले ही यह कानूनी रूप से बहुत गलत हो, लेकिन मैं इस उम्र में भी आपके साहस की प्रशंसा करता हूं कि आपने परिणामों की परवाह किए बिना एक रुख अपनाया और उस पर कायम रहे।'' राव के इस पोस्ट पर कई 'एक्स' उपयोगकर्ताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी। नितिन शेषाद्रि ने हैरानी जताते हुए कहा, ''मान्यवर, मुझे आपसे इसकी उम्मीद नहीं थी। क्या यह नाथूराम गोडसे और नारायण आप्टे के मुकदमों में उनके बचाव में इस्तेमाल की गई भाषा जैसी नहीं थी?'' एक अन्य उपयोगकर्ता ने बेंगलुरु पुलिस को टैग करते हुए लिखा, ''आपको इस पोस्ट पर कार्रवाई करनी चाहिए!'' राव ने बाद में बुधवार को एक पोस्ट कर अपनी राय के लिए माफी मांगी। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी ने कहा, ''मेरी प्रतिक्रिया हैरानी और सदमे से भरी थी कि एक व्यक्ति इतना शिक्षित, वृद्ध और अनुभवी होने के बावजूद एक भयानक और कानूनी रूप से गलत कार्य के परिणामों को पूरी तरह से जानते हुए यह कृत्य कर रहा है। मैंने न तो उच्चतम न्यायालय, न ही प्रधान न्यायाधीश या किसी समुदाय का अपमान किया है। अगर मेरे पोस्ट से किसी को गुस्सा आया है या ठेस पहुंची है, तो मुझे खेद है।'' राव ने चामराजपेट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन बी जेड जमीर अहमद खान से हार गए थे। खान मौजूदा कर्नाटक सरकार में आवास मंत्री हैं। सोमवार को अदालती कार्यवाही के दौरान 71-वर्षीय वकील ने कथित तौर पर शिष्टाचार का उल्लंघन करते हुए प्रधान न्यायाधीश गवई की ओर जूता उछालने की कोशिश की।

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के तहत मिलने वाले अवसर अद्वितीय हैं: स्टार्मर

### ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने मुंबई में यशराज फिल्म्स स्टूडियो का दौरा किया

**मुंबई :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बुधवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के तहत मिलने वाले अवसर ''अद्वितीय'' हैं। स्टार्मर प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली भारत यात्रा के तहत बुधवार को मुंबई पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह व्यापार समझौता 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने वाले भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक



विकास को बढ़ावा देने के लिए एक ''लॉन्चपैड'' है। स्टार्मर ब्रिटेन के व्यापार जगत के शीर्ष नेताओं, उद्यमियों और विश्वविद्यालय के कुलपतियों समेत 125 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आज यानी बुधवार सुबह दो दिवसीय यात्रा पर मुंबई पहुंचे। स्टार्मर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा देने के तरीकों का पता लगाने के लिए बृहस्पतिवार को व्यापक वार्ता करेंगे।

### मोदी ने भारत यात्रा पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर का स्वागत किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ब्रिटेन के अपने समकक्ष केअर स्टार्मर का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी भारत यात्रा को ऐतिहासिक बताया। स्टार्मर ब्रिटेन से अब तक के सबसे बड़े व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां पहुंचे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''ब्रिटेन से अब तक के सबसे बड़े व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की पहली ऐतिहासिक यात्रा पर प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर आपका स्वागत है। एक मजबूत, पारस्परिक रूप से समृद्ध भविष्य के हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए कल हमारी बैठक की प्रतीक्षा है।''

### अनंतनाग में तलाशी अभियान के दौरान दो सैनिक लापता हुए, खोज जारी

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में कोकेरनाग इलाके के जंगलों में सुरक्षा बलों ने दो लापता सैनिकों को ढूंढने के लिए व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान के दौरान इन सैनिकों से संपर्क टूट गया है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के एक समूह के छिपे होने की जानकारी मिलने पर दो दिन पहले कोकरनाग के अहलान गडोले इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि विशिष्ट पैरा इकाई के सदस्य दो सैनिक लापता हो गए क्योंकि उनसे संचार संपर्क टूट गया। उन्होंने बताया कि लापता सैनिकों का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया जा रहा है।

## पीएमएलए में डिजिटल या ऑनलाइन गिरफ्तारी की कोई अवधारणा नहीं : ईडी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को स्पष्ट किया कि धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के तहत डिजिटल या ऑनलाइन गिरफ्तारी की कोई अवधारणा नहीं है और एजेंसी ऐसी प्रक्रिया केवल व्यक्तिगत रूप से ही करती है। ईडी ने यह स्पष्टीकरण 'डिजिटल अरेस्ट' की बढ़ती घटनाओं की पृष्ठभूमि में दिया है। 'डिजिटल अरेस्ट' एक साइबर अपराध है, जिसमें अपराधी ऑनलाइन मैसेजिंग मंच पर कॉल करके लोगों से धोखाधड़ी करते हैं और बदले में पैसे मांगते हैं। एजेंसी ने कहा, ''यह दोहराया जाता है कि ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारियां उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद और व्यक्तिगत रूप से की जाती हैं। धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत 'डिजिटल अरेस्ट' या ऑनलाइन गिरफ्तारी की कोई अवधारणा नहीं है।'' ईडी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) को भी लागू करती है, लेकिन दीवानी कानून होने के कारण इसमें किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी का प्रावधान नहीं है। ईडी ने पहले भी 'डिजिटल अरेस्ट' और फर्जी समन को लेकर ऐसा परामर्श जारी किया था, लेकिन उसने एक नया बयान जारी कर कहा कि वह ऐसा फिर से कर रही है क्योंकि उसने इस बात पर गौर किया है कि ''कुछ बेईमान व्यक्तियों (ठगों) ने धोखाधड़ी या जबरन वसूली के इरादे से व्यक्तियों को समन भेजे हैं।'' एजेंसी ने बयान में कहा, ''ये फर्जी समन अक्सर ईडी द्वारा जारी किए गए असली समन के ही जैसे होते हैं और इसलिए व्यक्तियों के लिए नकली और असली समन के बीच अंतर करना मुश्किल होता है।''

# मूनी का शतक, ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 107 रन से हराया

**कोलंबो:** अनुभवी बल्लेबाज बेथ मूनी के शानदार शतक (109 रन) और एलेना किंग (नाबाद 51) के साथ उनकी रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी महिला विश्व कप में पाकिस्तान को 107 रन से हराकर टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही। कप्तान एलीसा हीली (20) और फोएबे लिचफील्ड (10) के जल्दी आउट होने के बाद टीम का स्कोर 15वें ओवर में चार विकेट पर 59 रन था। पाकिस्तान की गेंदबाज नाशरा संधू (37 रन पर तीन विकेट), रमीन शमीम (29 रन पर दो विकेट) और कप्तान फातिमा सना (49 रन पर दो विकेट) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 76 रन पर सात विकेट पर समेट दिया। इस मुश्किल समय में मूनी ने एलेना किंग के साथ नौवें विकेट के लिए 106 रन की रिकॉर्ड साझेदारी कर टीम को संभाला। यह महिला



एकदिवसीय क्रिकेट में नौवें या उससे निचले विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी रही। मूनी ने 114 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 109 रन बनाए, जबकि एलेना ने 49 गेंदों में तीन छक्कों और इतने ही चौकों के साथ नाबाद 51 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी संघर्ष में नहीं दिखी और 36.3 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। सिदरा अमीन ने सर्वाधिक 35 रन बनाए जबकि बाकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से किम गार्थ ने तीन, एनाबेल सदरलैंड और मेगान शुट ने दो-दो विकेट झटके। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली, जबकि पाकिस्तान को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। मूनी को उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

## जूनियर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप: यूएई को हराकर भारत क्वार्टर फाइनल में



**गुवाहाटी:** भारत ने बुधवार को यहां यूएई को हराकर सुहानदिनाता कप के लिए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अन्य मुकाबलों में अमेरिका ने फ्रांस को हराकर उलटफेर किया जबकि जपान ने शीर्ष वरीय थाईलैंड को हराकर अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने ग्रुप एच में यूएई को 45-37 45-34 से हराया जबकि जापान ने थाईलैंड को ग्रुप ए में 45-42 45-34 से शिकस्त दी। ग्रुप बी से अमेरिका ने फ्रांस को 45-43 45-43 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। सभी आठ ग्रुप की शीर्ष टीम प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए क्वार्टर फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी जबकि अन्य टीम क्लासीफिकेशन राउंड में खेलेंगी। अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली अन्य टीम में चीन (ग्रुप डी) और इंडोनेशिया (ग्रुप एफ) शामिल हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने ग्रुप एच के अपने पिछले मुकाबलों में नेपाल और श्रीलंका को हराया था और ग्रुप में एकमात्र अपराजित टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिका क्वार्टर फाइनल में जापान से भिड़ेगा जबकि भारत ग्रुप जी की शीर्ष टीम के खिलाफ खेलेगा जिसका फैसला अभी नहीं हुआ है।

## वानखेड़े स्टेडियम में वेंगसरकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी

**मुंबई:** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने बुधवार को घोषणा की कि पूर्व भारतीय कप्तान और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष दिलीप वेंगसरकर की आदमकद प्रतिमा यहां वानखेड़े स्टेडियम में स्थापित की जाएगी। एमसीए ने अपनी शीर्ष परिषद की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया। इस दौरान यह फैसला भी किया गया कि 'कृषक समुदाय के प्रति एकजुटता' के रूप में मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपये दान किया जाएगा। मुंबई के खिलाड़ी भी इसी उद्देश्य के लिए सामूहिक रूप से 25 लाख रुपये का योगदान देंगे। एमसीए ने कहा, 'परिषद ने भारतीय और मुंबई क्रिकेट में उनके उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में वानखेड़े स्टेडियम में दिलीप वेंगसरकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया है।' वेंगसरकर ने 1976 से 1992 के बीच 116 टेस्ट और 129 एकदिवसीय मैच खेले और इस दौरान 10 टेस्ट और 18 एकदिवसीय मैच में भारत की कप्तानी भी की। देश के सबसे जबरदस्त बल्लेबाजों में से एक वेंगसरकर ने टेस्ट क्रिकेट में 42.13 की औसत से 17 शतक और 35 अर्द्धशतक के साथ 6,868 रन बनाए। उन्होंने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक और 23 अर्द्धशतक के साथ 34.73 की औसत से 3,508 रन भी बनाए। इससे पहले जून में 69 वर्षीय वेंगसरकर को पूर्व भारतीय महिला कप्तान डायना इडुल्जी के साथ एमसीए का क्रिकेट सलाहकार नियुक्त किया गया था।

## स्मृति मंधाना को शांत रखने के लिए हमें खुद पर भरोसा करना होगा: डि क्लर्क

**विशाखापत्तनम:** ऑलराउंडर नादिन डि क्लर्क ने बुधवार को कहा कि स्मृति मंधाना इस महिला विश्व कप में भले ही अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हों लेकिन इस करिश्माई भारतीय सलामी बल्लेबाज को शांत रखना दक्षिण अफ्रीका की सूची में सबसे ऊपर है। स्मृति का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय प्रारूप में शानदार रिकॉर्ड है। उन्होंने 18 मैच में 53.29 की औसत से तीन शतक सहित 906 रन बनाए हैं। डि क्लर्क ने भारत के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''हां, वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने पहले भी हमारे खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया



है। लेकिन मुझे लगता है कि परिस्थितियां (विकेट) धीमी होने के कारण, हमें या तो उन्हें शांत रखने या उन पर दबाव बनाकर उन्हें जल्दी आउट करने की कोशिश करनी होगी।'' स्मृति और उनकी सलामी जोड़ीदार प्रतिका रावल ने सिर्फ 15 पारियों में 80 के अविश्वसनीय औसत से 1200 रन बनाए हैं और डि क्लर्क ने कहा कि वे इस साझेदारी को जल्द से जल्द तोड़ना चाहते थे। उन्होंने कहा, ''हम पिछले कुछ महीनों में उनके लिए इतनी सफल रही इस सलामी जोड़ी को तोड़ने की कोशिश करेंगे और मध्यक्रम को जल्द से जल्द तैयार करने की कोशिश करेंगे।'' डि क्लर्क ने कहा, ''हम सभी जानते हैं कि अगर आपने क्रीज पर अधिक समय नहीं बिताया है तो मुश्किल परिस्थितियों में मैदान पर उतरकर बड़ा स्कोर बनाना काफी कठिन होता है।

### बल्लेबाजों की मददगार होगी पिच, तीसरे दिन से पहले नहीं मिलेगा टर्न

**नयी दिल्ली:** भारत और वेस्टइंडीज के बीच अरूण जेटली स्टेडियम पर होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट में पहले दो दिन पिच बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है और तीसरे दिन से इस पर टर्न मिल सकता है। आम तौर पर कोटला की काली मिट्टी की पिच बल्लेबाजों की मददगार रहती है लेकिन बाद में धीरे धीरे स्पिनरों को मदद मिलने लगती है। इस टेस्ट के लिये ताजा पिच तैयार की गई है और शुरूआत में बल्लेबाजों का दबदबा रह सकता है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया ,'मुख्य पिच टेस्ट के लिये तैयार की गई है। यह उस पिच से अलग है जिस पर स्मृति मंधाना ने 50 गेंदों में शतक बनाया था।'

## महिला विश्व कप : दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को शीर्षक्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



**विशाखापत्तनम:** भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में बृहस्पतिवार को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है लेकिन अगर आस्ट्रेलिया बुधवार को कोलंबो में पाकिस्तान को हरा देती है तो भारत तीसरे स्थान पर खिसक जायेगा। भारत ने भले ही पिछले दोनों मैच जीते हों लेकिन स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स के बल्लों से रन नहीं निकलना चिंता का विषय है। तीनों श्रीलंका के खिलाफ नाकाम रहीं थी जिसके बाद हरलीन देयोल, अमनजोत कौर , रिचा घोष और दीप्ति शर्मा ने टीम को संकट से निकाला। श्रीलंका के खिलाफ भारत ने छह विकेट 124 रन पर और पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट 159 रन पर गंवा दिये थे। निचले क्रम के बल्लेबाजों का योगदान नहीं होता तो भारत की स्थिति खराब हो सकती थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालांकि इस तरह की गलती नहीं की जा सकती और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा। अगर नतीजा भारत के पक्ष में नहीं रहता तो अंकतालिका में स्थिति खराब होने के अलावा पिछले चैम्पियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले में भी टीम पर दबाव रहेगा। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि सकारात्मक पहलू देखना चाहेगा कि स्टार बल्लेबाजों के नहीं चलने पर भी जीत टीम की गहराई को दिखाती है। लेकिन उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा का बल्ला दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गजों के खिलाफ खामोश रहा तो यह निर्णायक साबित हो सकता है। दूसरी ओर गेंदबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें यह भी देखना होगा कि एसीए . वीडीसीए स्टेडियम की पिच गुवाहाटी या कोलंबो की तरह नहीं है। दीप्ति शर्मा अभी तक छह विकेट ले चुकी है जिन्हें साथी स्पिनरों स्नेह राणा और श्री चरणी से अच्छा सहयोग मिला।

## भारतीय वनडे टीम दो जत्थों में 15 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया रवाना होगी

**नयी दिल्ली:** भारतीय एक दिवसीय क्रिकेट टीम दो अलग अलग जत्थों में 15 अक्टूबर को दिल्ली से आस्ट्रेलिया रवाना होगी और यात्रा का अंतिम कार्यक्रम टिकटों की उपलब्धता और व्यवस्था पर निर्भर करेगा। भारत को आस्ट्रेलिया में तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलने हैं। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार खिलाड़ियों का एक समूह सुबह रवाना होगा जबकि अगला समूह शाम को जायेगा। लंबी दूरी की उड़ान के लिये बिजनेस श्रेणी के टिकटों की उपलब्धता पर यह निर्भर करेगा। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली और उपकप्तान श्रेयस अय्यर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में टेस्ट टीम के सदस्यों से जुड़ेंगे। एक सूत्र ने बताया ,'विराट और रोहित रवानगी के दिन या एक दिन पहले दिल्ली पहुंचेंगे।'' टीम यहां से पर्थ रवाना होगी जहां 19 अक्टूबर को पहला वनडे खेला जाना है। अगर अभी चल रहे घरेलू या अंतरराष्ट्रीय मैच समय से पहले खत्म हो जाते हैं तो वनडे टीम में शामिल खिलाड़ियों को अपने घर जाने के लिये छोटा ब्रेक मिल सकता है। भारतीय टीम 10 से 14 अक्टूबर तक दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा और आखिरी टेस्ट खेलेगी। चयनकर्ताओं ने एक बड़े फैसले में रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल को वनडे टीम की कप्तानी सौंपी है। विराट और रोहित हालांकि टीम का हिस्सा हैं। इस बीच मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पूरी टीम को राजिंदर नगर स्थित अपने आवास पर डिनर के लिये आमंत्रित किया है।



# दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती: गोयल

**मुंबई:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विस्तार के लिए कई पहल कर रही है। 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' (जीएफएफ) के छठे संस्करण में मंत्री ने कहा कि दुनिया, भारत को विश्वास के साथ देखती है क्योंकि यह देश उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिभा, कौशल, वस्तुओं एवं सेवाओं की गारंटी देता है और समय पर आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी की दुनिया में भागीदार से लेकर अब प्रमुख वास्तुकार बनने तक, भारत वैश्विक पहल का नेतृत्व कर रहा है। मंत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर दुनिया की कोई भी ताकत भारत को एक विकसित एवं



समृद्ध राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। यह प्रौद्योगिकी को अपनाए बिना, डिजिटल दुनिया को विश्व में हो रही गतिविधियों से अवगत कराए बिना और दुनिया भर में हमारी व्यापारिक साझेदारियों को बढ़ाए बिना संभव नहीं है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि भारत को दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार माना जाए।' गोयल ने कहा कि जब भारत 2047 तक 30,000, 32,000 या 35,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, तो 'वित्त जगत के हमारे मित्र तुरंत गणना कर सकते हैं और आप देखेंगे कि इसे हासिल करना बहुत संभव है... कुछ ऐसा जिसे हासिल करने के लिए हम सभी सामूहिक रूप से प्रतिबद्ध है।' उन्होंने कहा कि सरकार अपनी ओर से बुनियादी ढांचे के विकास और उपभोग आधारित वृद्धि के दोनों स्तंभों पर आधारित घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बड़े कदम उठा रही है। गोयल ने कहा कि सरकार अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज देश एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहां मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे, दुनिया भर के विकसित देशों के साथ व्यापार संबंधों का विस्तार, उच्च गुणवत्ता एवं कम करों के साथ ग्राहकों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

## देश को डिजिटल क्रांति में अग्रणी बनाए रखने के लिए तत्पर: आकाश अंबानी

**नयी दिल्ली:** रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने बुधवार को कहा कि भारत को डिजिटल क्रांति में सबसे आगे रखने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी नवाचार और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारत डिजिटल क्रांति में अग्रणी बना रहे। अंबानी ने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 देश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस कार्यक्रम से इतर कहा, '' आज हमने सेमीकंडक्टर से लेकर धोखाधड़ी प्रबंधन और 6जी तक पूरी मूल्य श्रृंखला देखी...हम नवाचार करने और भारत को डिजिटल क्रांति में सबसे आगे रखने के लिए तत्पर हैं।'' इस बीच, उद्योग संगठन सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एस. पी. कोचर ने कहा कि आईएमसी का उद्घाटन नवाचार एवं प्रौद्योगिकी प्रगति पर आधारित कार्यक्रम की मजबूत



शुरुआत है। कोचर ने कहा, 'जैसा कि प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि भारत का प्रौद्योगिकी भविष्य सक्षम हाथों में है और देश एक डिजिटल-प्रथम मंच के रूप में मजबूती से उभर रहा है। संचार अब दूर-दराज के कोनों तक पहुंच रहा है, जिसे तेजी से हो रहे प्रौद्योगिकी उन्नयन एवं सरकार के मार्गदर्शन में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा स्पैम/घोटालों जैसी अवांछित गतिविधियों के खिलाफ की जा रही ठोस कार्रवाई का समर्थन मिला है।'

## शेयर बाजार में तेजी थमी, सेंसेक्स 153 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 153 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 62 अंक के नुकसान में रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 153.09 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, इसमें 611.66 अंक की घट-बढ़ हुई। ऊंचे में यह 82,257.74 अंक तक गया और नीचे में 81,646.08 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 62.15 अंक यानी 0.25 प्रतिशत टूटकर 25,046.15 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वाहन, रियल एस्टेट और बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, सन फार्मा, पावर ग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

### सरकार राष्ट्रीय उपग्रह संचार निगरानी केंद्र स्थापित करने को 900 करोड़ रुपये करेगी निवेश: सिंधिया

**नयी दिल्ली:** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि सरकार ने जरूरी आंकड़ों और स्पेक्ट्रम परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय उपग्रह संचार निगरानी प्रणाली स्थापित करने के लिए लगभग 900 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस में उपग्रह संचार (सैटकॉम) पर एक सत्र के दौरान कहा कि दूरसंचार और प्रसारण को शामिल करते हुए भारतीय सैटकॉम बाजार का मूल्य पिछले साल लगभग 4.3 अरब डॉलर था और 2033 तक इसके तीन गुना होकर लगभग 14.8 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा, ' हम एक राष्ट्रीय सैटकॉम निगरानी सुविधा में 900 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर रहे हैं। यह एक अत्याधुनिक केंद्र है जो भारत के सभी 'डाटा' संसाधनों और स्पेक्ट्रम परिसंपत्तियों की सुरक्षा करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि दुनिया भर में हमारे सभी गेटवे एक ही समय में पूरे भारत को सेवा प्रदान करें।'

## नवी मुंबई हवाई अड्डा भारत के भविष्य का प्रवेश द्वार: अदाणी

**नयी दिल्ली:** जाने-माने उद्योगपति गौतम अदाणी ने बुधवार को नवी मुंबई में अपने समूह के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की तुलना 'कमल' से करते हुए कहा कि यह आर्थिक गतिविधियों को गति देने के साथ भारत के भविष्य का प्रवेश द्वार साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईएएल) के उद्घाटन के तुरंत बाद लिंक्डइन पर लिखे अपने लेख में अदाणी ने इसे भारत के बुनियादी ढांचे और राष्ट्र निर्माण की यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने हवाई अड्डे को 'भारत के दूरदर्शी नेतृत्व और सार्वजनिक-निजी भागीदारी की ताकत का प्रमाण' बताया। उन्होंने कहा कि परियोजना का तेजी से कार्यान्वयन देश की महत्वाकांक्षा और गतिशीलता का प्रतीक है। परियोजना को 20,000



करोड़ रुपये के निवेश के साथ 50 महीनों से कम समय में पूरा किया गया है। मुंबई के परिवहन नेटवर्क से रणनीतिक रूप से जुड़ा, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा मौजूदा छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ मिलकर भीड़भाड़ को कम करने और क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि को गति देने में मददगार होगा। इस हवाई अड्डे से 2,00,000 से अधिक नौकरियां पैदा होने तथा पर्यटन, व्यापार और नए व्यावसायिक गलियारों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे भारत के 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में योगदान मिलेगा। हवाई अड्डे का निर्माण करने वाले अदाणी समूह के चेयरमैन अदाणी ने हवाई अड्डे पर किए गए पर्यावरण अनुकूल पहल का जिक्र करते हुए इसे 'आत्मनिर्भरता का प्रतीक' बताया, जो भारत की विरासत और भविष्य की आकांक्षाओं को बताता है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के प्रति अदाणी समूह की प्रतिबद्धता दोहरायी, जिसमें विमानन, लॉजिस्टिक, पर्यावरण अनुकूल कदम और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने की योजना है। अदाणी ने कहा, 'भारत की सेवा करना हमेशा हमारा सबसे बड़ा सम्मान होगा।'

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के 11,607 करोड़ रुपये के आईपीओ को दूसरे दिन तक 3.32 गुना अभिदान मिला

**नयी दिल्ली:** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार को बोली के दूसरे दिन तक 3.32 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 7,13,34,320 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 23,70,85,836 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 7.60 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) की श्रेणी को 2.59 गुना अभिदान मिला, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के हिस्से को 1.90 गुना अभिदान मिला। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने सोमवार को एंकर निवेशकों से 3,475 करोड़ रुपये जुटाए। 11,607 करोड़ रुपये का आईपीओ बृहस्पतिवार को बंद होगा। इसका मूल्य दायरा 1,080 रुपये से 1,140 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जिससे ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्य लगभग 77,400 करोड़ रुपये है।

## न्यूज अपडेट

### सोना 2,600 रुपये बढ़कर 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुँचा

**नयी दिल्ली:** अमेरिका में वित्तपोषण की दिक्कतों के कारण कुछ विभागों में कामकाज ठप रहने (शटडाऊन) से उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच मजबूत वैश्विक रुझानों के अनुरूप, राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही और यह 2,600 रुपये की तेजी के साथ 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। वैश्विक जोखिम से बचने की धारणा की वजह से निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने के कारण पिछले तीन दिन में सोने में 6,000 रुपये की वृद्धि हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 2,700 रुपये की भारी वृद्धि दर्ज करने के एक दिन बाद मंगलवार को 700 रुपये बढ़कर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### देश की महत्वकांक्षा अब 5जी से आगे, ध्यान अब 6जी एवं उपग्रह संचार पर: सिंधिया

**नयी दिल्ली:** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि भारत की महत्वाकांक्षाएं 5जी तक ही नहीं है बल्कि अब ध्यान 6जी एवं उपग्रह संचार पर है। लक्ष्य 6जी पेटेंट का 10 प्रतिशत हासिल करना है। सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 में अपने संबोधन में कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर एक डिजिटल अगुवा के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने भारत के एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा, 'वह दिन दूर नहीं जब लोग कहेंगे कि दुनिया, भारत पर निर्भर है। 'मंत्री ने कहा, 'मैं आज आप सभी से अपील करता हूं कि यहां तैयार करें, यहां समाधान करें...भारत नवोन्मेष करता है और दुनिया बदलती है।' उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार में आज विस्तार हो रहा है, जमीन से समुद्र एवं अंतरिक्ष तक संपर्क सुविधा को आगे बढ़ा रहा है।

### स्थानीय कंपनियों को शेयर निर्गम पर देना होगा 0.1 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क: दिल्ली सरकार

**नयी दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में पंजीकृत कंपनियों को शेयर और अन्य प्रतिभूतियों के निर्गम पर शेयर मूल्य का 0.1 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क अदा करना अनिवार्य है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के स्टाम्प कलेक्टर ने एनएसडीएल और सीडीएसएल को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे दिल्ली के लिए लागू स्टाम्प शुल्क दर से कम राशि न वसूलें। शेयर प्रमाणपत्र पर स्टाम्प शुल्क के भुगतान के लिए स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) के पोर्टल के जरिये पहले ही एक व्यवस्था लागू की जा चुकी है।

### अमेजन पे ने लॉन्च किया यूपीआई सर्कल, अब स्मार्टवॉच से भी होंगे सुरक्षित भुगतान

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन पे ने ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल 2025 के दौरान अपना नया फीचर यूपीआई सर्कल लॉन्च किया, जिससे अब परिवार के सदस्य या विश्वसनीय संपर्क बिना अलग बैंक खाते के यूपीआई भुगतान कर सकेंगे। यह सुविधा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और खर्च सीमा निर्धारण के साथ सुरक्षित भुगतान सुनिश्चित करती है। नए फीचर के तहत, प्रत्येक सदस्य को अलग यूपीआई आईडी या क्यूआर कोड मिलेगा, और वे प्राथमिक खातेधारक द्वारा निर्धारित सीमा तक भुगतान कर सकेंगे। सभी लेनदेन पिन-रहित होंगे और सुरक्षा के लिए रीयल-टाइम फ्रॉड डिटेक्शन और डिवाइस-लेवल एन्क्रिप्शन जोड़ा गया है। एनपीसीआई के सहयोग से अमेजन पे अब स्मार्टवॉच और अन्य वियरेबल डिवाइसों के माध्यम से भी भुगतान की सुविधा दे रहा है। अमेजन पे इंडिया के डायरेक्टर गिरीश कृष्णन ने कहा कि यह पहल समावेशी डिजिटल भुगतान की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो परिवारों को सुरक्षित और सहज डिजिटल लेनदेन का अनुभव प्रदान करेगी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3378 अंक 188, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in